संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 100 सोमवार 10 फरवरी 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## महत्वपूर्ण खबर


### भारतीयों के लिए विदेश यात्रा हुई और आसान




**26 देशों में वीजा-फ्री एंट्री की सुविधा**

**नई दिल्ली,09 फरवरी 2025(ए)।** भारतीय नागरिकों के लिए विदेश यात्रा करना अब पहले से कहीं अधिक सुविधाजनक हो गया है। भारत सरकार लगातार ऐसे देशों की संख्या बढ़ाने के प्रयास कर रही है, जो भारतीय पासपोर्ट धारकों को वीजा-मुक्त प्रवेश या अन्य सुविधाएं प्रदान करते हैं। लोकसभा में दी गई जानकारी के अनुसार, भारतीय नागरिकों को 26 देशों में वीजा-फ्री एंट्री, 40 देशों में वीजा ऑन अराइवल और 58 देशों में ई-वीजा की सुविधा मिल रही है।

### मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह ने दिया इस्तीफा



**इम्फाल,09 फरवरी 2025(ए)।** मणिपुर में राजनीतिक हलचल बढ़ गई है, सूबे के सीएम एन बीरेन सिंह ने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया है। बीरेन सिंह थोड़ी देर पहले ही बीजेपी सांसद संबित पात्रा,मणिपुर सरकार के मंत्री और विधायकों के साथ राज्यपाल से मुलाकात करने राजभवन पहुंचे थे। इस फैसले से पहले बीरेन सिंह ने आज ही दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की थी। इसी बीच गृह मंत्रालय ने सभी सुरक्षा एजेंसियों को हाईअलर्ट पर रहने के लिए कहा है।

### देखते ही देखते ट्रक में लगी भीषण आग,ड्राइवर जिंदा जला



**अजमेर-चित्तौड़गढ़,09 फरवरी 2025(ए)।** अजमेर-चित्तौड़गढ़ हाईवे पर ट्रेलर का ड्राइवर जिंदा जल गया। बाइक सवार को बचाने के चक्कर में ट्रेलर डिवाइडर से टकरा गया। इसके बाद आग लग गई। हादसे के बाद वहां बड़ी संख्या में लोग जुट गए, लेकिन धधकती आग के आगे आने की हिम्मत नहीं जुटा पाए। दुर्घटना रविवार सुबह करीब साढ़े दस बजे निंबाहेड़ा (चित्तौड़गढ़) स्थित बाईपास पर हुई। सदर थाना निम्बाहेड़ा के एएसआई संतोष कुमार ने बताया- वंडर चौराहे के पास एक बाइक को बचाने के प्रयास में ट्रेलर पुलिया की तरफ बने डिवाइडर से टकरा गया। इस दौरान ट्रेलर के केबिन में आग लग गई। इसमें अजमेर के बबाइचा की छापरिया की ढाणी निवासी ड्राइवर शराबुद्दीन (50) जल गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

### मिल्कीपुर उपचुनाव में अपनी शर्मनाक हार पर सपा जनता को जवाब दे:मायावती

**लखनऊ,09 फरवरी 2025(ए)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने



मिल्कीपुर में सपा की हार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सपा की इतनी शर्मनाक हार कैसे हुई, इसके जवाब का जनता को इंतजार है।

### दिल्ली की जीत बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम का सिग्नल

**पटना,09 फरवरी 2025(ए)।** राज्यसभा सांसद और जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने रविवार



को कहा कि लोकसभा चुनाव परिणाम हो, बिहार की चार विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव का परिणाम या दिल्ली का चुनाव परिणाम हो, यह आने वाले बिहार विधानसभा के परिणाम का सिग्नल है।

# पीएम मोदी एआई शिखर सम्मेलन के सह अध्यक्ष

» एआई शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करेंगे पीएम मोदी

» फ्रांस दौरे पर आज होंगे रवाना



**नई दिल्ली,09 फरवरी 2025(ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 से 12 फरवरी तक फ्रांस की यात्रा पर जा रहे हैं। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य फ्रांस द्वारा आयोजित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिखर सम्मेलन में भाग लेना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के आमंत्रण पर इस शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। साथ ही वह इस सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करेंगे। यात्रा के पहले दिन यानी 10 फरवरी की शाम को प्रधानमंत्री मोदी शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले अन्य देशों के प्रमुखों और अन्य प्रमुख नेताओं के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों द्वारा आयोजित एक रात्रिभोज में हिस्सा लेंगे। इस रात्रिभोज का उद्देश्य देशों के प्रमुखों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना और विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श करना है।

**10 फरवरी की शाम पेरिस पहुंचेंगे पीएम मोदी**


विदेश सचिव विक्रम मिस्त्र ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 फरवरी की शाम को पेरिस पहुंचेंगे। उसी शाम विशेष रात्रिभोज का आयोजन है। यह रात्रिभोज मशहूर एलिसी पैलेस में होगा, जहां टेक क्षेत्र के कई मुख्य कार्यकारी अधिकारी भी मौजूद होंगे।

**तीसरा उच्च-स्तरीय एआई शिखर सम्मेलन**

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया कि यह तीसरा उच्च-स्तरीय एआई शिखर सम्मेलन है। इससे पहले 2023 में यूके और 2024 में दक्षिण कोरिया में इसी तरह के सम्मेलन आयोजित किए गए थे। इस शिखर सम्मेलन के माध्यम से भारत और फ्रांस के बीच टेक्नोलॉजी क्षेत्र में सहयोग को और मजबूती मिलेगी।

पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा

प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा को लेकर विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 12 और 13 फरवरी को अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे।



### अमेरिका में ट्रंप से मिलेंगे पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका जा रहे हैं और 13 फरवरी को ट्रंप से मिलने वाले हैं। कई लोगों को उम्मीद है कि भारत की कुछ टैरिफ रियायतों के बाद भारत-अमेरिका संबंध सामान्य हो जाएंगे। बजट में अमेरिका से आयात होने वाली जरूरी चीजों पर टैरिफ कम कर दिए गए हैं।

## पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा के बाद होगी दिल्ली के नए मुख्यमंत्री की शपथ ग्रहण समारोह

**नई दिल्ली,09 फरवरी 2025(ए)।**
दिल्ली के नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में देरी होने की संभावना जताई जा रही है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 12-13 फरवरी को होने वाली अमेरिका यात्रा के बाद आयोजित होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह शपथ ग्रहण समारोह पीएम मोदी के वॉशिंगटन डीसी से वापस लौटने के बाद होगा।




बीजेपी की शानदार चुनावी जीत के बाद पार्टी अपनी सरकार बनाएगी, लेकिन शपथ ग्रहण समारोह 15 फरवरी के पहले आयोजित होने की संभावना नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा में यूएस के ग्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से महत्वपूर्ण बातचीत होगी, जो इस साल के प्रमुख कूटनीतिक घटनाक्रमों में से एक मानी जा रही है। यह यात्रा मोदी के दूसरे कार्यकाल के बाद ट्रम्प से पहली मुलाकात होगी, और इसका उद्देश्य भारत-यूएस संबंधों को और मजबूत करना है, जैसा कि विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया।

बीजेपी नेतृत्व के बीच हुई कई बैठकों के बाद इस शपथ ग्रहण समारोह की योजना बनाई जा रही है, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा और दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सच्चेवा शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, इस समारोह को शानदार और भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा, ताकि दिल्ली में 26 साल बाद पार्टी की सत्ता में वापसी का उत्सव मनाया जा सके।

इस अवसर पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के शीर्ष नेता और एनडीए-शासित राज्यों के मुख्यमंत्री शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किए जाएंगे। यह आयोजन पार्टी की विजय के प्रतीक के रूप में महत्वपूर्ण राष्ट्रीय नेताओं की उपस्थिति से भरा होगा।



### राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर,दिया था विवादित बयान

**झारसुगुड़ा,09 फरवरी 2025 (ए)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ झारसुगुड़ा पुलिस ने राष्ट्रविरोधी बयान देने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है।सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार को भाजपा, उसकी युवा शाखा, आरएसएस, बजरंग दल और झारसुगुड़ा जिले के अन्य सदस्यों द्वारा राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर यह एफआईआर दर्ज की गई. झारसुगुड़ा एसपी परमार स्मित पुरुषोत्तमदास ने बताया कि इस संबंध में 5 फरवरी को उत्तरी रेंज के आईजी हिमांशु लाल के समक्ष शिकायत दर्ज कराई गई थी।

## फिर गरजा योगी बाबा का बुलडोजर



» मदनी मस्जिद पर चला योगी का बुलडोजर

» भारी पुलिस फोर्स के साथ प्रशासन ने की कार्रवाई,

**कुशीनगर,09 फरवरी 2025 (ए)।** मदनी मस्जिद को धरासाई करने के लिए 54 दिन बाद योगी सरकार का बुलडोजर पहुंचा. भारी पुलिस फोर्स के साथ प्रशासन ने बुलडोजर कार्रवाई की गई। 18 दिसंबर से शुरू हुई जांच 23 दिसंबर को पूरी होने के बाद मदनी मस्जिद के पक्षकारों से नगरपालिका ने नोटिस जारी कर मस्जिद इंतजामिया कमेटी से नक्शा और इससे जुड़ी पत्रावलियों को प्रस्तुत करने का 3 बार समय दिया। लेकिन तय समय में पत्रावली प्रस्तुत नहीं करने पर निर्माण को अवैध मानते हुए नगर पालिका एक्ट के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है।



### डीजे की धुन पर नाचते-नाचते स्टेज पर ही महिला ने तोड़ दिया दम

**विदिशा,09 फरवरी 2025 (ए)।** मध्यप्रदेश के विदिशा से एक बड़ी खबर सामने आई है। जहां डीजे की धुन पर नाचते नाचते एक युवती ने दम ही तोड़ दिया। बता दें कि शादी समारोह के दौरान युवती डांस कर रही थी तभी अचानक ही स्टेज पर युवती बेहोश हो गई जिसके बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टर ने युवती को मृत घोषित कर दिया। ये पूरी घटना का लाइव वीडियो भी सामने आया है। जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

### दो बहनों के बीच जमकर मारपीट

**इटावा,09 फरवरी 2025 (ए)।** इटावा में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया, जहां न्यायालय परिसर में दो चचेरी बहनों के बीच जमकर मारपीट हुई. शुक्रवार की दोपहर को यह घटना तब हुई, जब बकेवर के कुसगवां की रहने वाली बबीता अपने पति से चल रहे मेंटीनेंस केस की तारीख लेने न्यायालय आई थी.मारपीट की घटना का वीडियो वायरल हो रहा है.पुलिस ने दोनों महिलाओं के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की घटना का मूल कारण सोशल मीडिया पर की गई एक आपत्तिजनक पोस्ट थी. सिविल लाइंस के ब्रह्म नगर निवासी बेबी का आरोप है कि बबीता के देवर ने उसकी फोटो पर अश्लील कमेंट करते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी और फोन पर भी गालियां दी थीं.इसी बात



को लेकर बेबी ने न्यायालय परिसर में बबीता को घेर लिया और उसके बाल पकड़कर मारपीट शुरू कर दी.बबीता ने भी जवाबी हमला किया.मारपीट की घटना को देखकर न्यायालय परिसर में भीड़ जमा हो गई। कुछ अधिवक्ताओं ने बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन दोनों महिलाएं नहीं मानीं.अंततः न्यायालय की सुरक्षा में तैनात पुलिस ने दोनों को काबू किया और सिविल लाइंस थाने भेज दिया।



### 41 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई कुंभ में आस्था की डुबकी

**त्रिवेणी संगम में उमड़ा जनसैलाब...**

**प्रयागराज,09 फरवरी 2025(ए)।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ 2025 में दुनियाभर से श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने पहुंच रहे हैं। यह विशाल धार्मिक आयोजन एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक अनुभव प्रदान कर रहा है। अब तक लगभग 41 करोड़ श्रद्धालु पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान कर चुके हैं।

## ये शराबी टीचर बच्चों को क्या देंगे शिक्षा

» बच्चे बोले- शराब के नशे में स्कूल आकर करते हैं गाली-गलौज,

» पियक्कड़ टीचर पर कब होगी कार्रवाई?

**टीकमगढ़,09 फरवरी 2025(ए)।** मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कभी शिक्षक दारू पार्टी करते नजर आते हैं तो कभी दारू पीकर आराम फरमाते दिखाई पड़ते हैं। कार्रवाई के बावजूद शराबी शिक्षकों को कोई डर नहीं है। कुछ ऐसा ही मामला टीकमगढ़ जिले से सामने आया है. जहां पियक्कड़ टीचर बच्चों को गाली-गालौज करता है. शराबी शिक्षक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

यह मामला पलेरा ब्लॉक के पठारी



गांव पतारे खिरक का है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि शिक्षक शराब के नशे में धुत दिखाई दे रहा है। बच्चे आरोप लगा रहे हैं कि शिक्षक शराब के नशे में आते हैं और गाली-गलौज करते हैं। जब इसकी शिकायत बच्चों के परिजनों को लगी तो परिजन भी स्कूल पहुंच गए।उन्होंने टीचर से पूछा कि आप बच्चों को गालियां क्यों देते हैं तो वह कह रहे हैं कि हम आपके गांव में हैं। आप कुछ भी कर सकते हैं और आप लोग हमारे समाज के हैं। वायरल वीडियो शनिवार का बताया जा रहा है। अब देखना होगा कि इस मामले में उच्च अधिकारी शराबी शिक्षक के खिलाफ क्या एक्शन लेते हैं।

### जेल छूटते ही बदला लेने के लिए... तीन भाईयों पर बरसाईं गोलियां,एक की मौत

**मेरठ,09 फरवरी 2025(ए)।** यूपी के मेरठ जिले में जानी थाना क्षेत्र में बीती रात सनसनीखेज वारदात हुई। यहां बदला लेने की नीयत से जेल से बाहर आये एक आरोपी ने तीन भाइयों पर फायरिंग कर दी। इस हमले में एक की मौत हो गई वहीं दो अन्य का इलाज चल रहा है।जानी थाना क्षेत्र के पांचली खुर्द में रहने वाले रिंकू का गांव के ही इमरान आदि से विवाद चल रहा था। इसी विवाद में केस दर्ज होने के बाद रिंकू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। रिंकू अभी हाल में ही जेल से छूट कर बाहर आया था।बीती शनिवार की रात उसने इमरान को किसी काम से फ्रेट कॉरिडोर बुलाया। यहां एक बार फिर से रिंकू व



इमरान के बीच विवाद होने लगा। गुस्साए रिंकू ने इमरान व उसके भाई सलमान और बुआ के लड़के जावेद पर गोली चला दी। तीनों के सीने पर गोली लगी। जख्मी इमरान ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जख्मी जावेद व सलमान का उपचार कराया जा रहा है। एसएसपी डॉ विपिन ताडा ने एसपी देहात को जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए हैं।

## संपादकीय

# इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से नोटिस

देश के किसी भी राज्य की पुलिस व्हाट्सएप या अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों द्वारा किसी आरोपी को नोटिस नहीं भेज सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगाते हुए पुलिस को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 41ए (भारतीय सुरक्षा संहिता की धारा35) को लेकर आदेश दिया। अदालत ने राज्य सरकारों को स्थाई आदेश जारी करने का आदेश दिया। उन्हें सीआरपीसी या बीएनएसएस के तहत सेवा के निर्धारित तरीकों के माध्यम से ही नोटिस जारी करने को कहा।हरियाणा के डीजीपी के आदेश में कहा गया था कि सीआरपीसी की धारा 41ए व बीएनएसएस की धारा35 के तहत नोटिस भौतिक रूप से या वाट्सएप, एसएमएस,ई-मेल व किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से तामील कराये जा सकते हैं। सबसे बड़ी अदलात अपने एक फैसले में व्हाट्सएप के जरिए दिए नोटिस को पहले ही गलत बता चुकी है। वास्तव में व्यक्तिगत रूप से नोटिस देने में कई दफा पुलिस असफल रहती है। आरोपी तक उसकी पहुंच न हो या वह पकड़ न आ रहा हो तो नोटिस देने में उसे कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। कई दफा पुलिस नोटिस रिहाइस में चिपकाकर इतिश्री करने की रस्म निभाती नजर आती है। आधुनिक तकनीकि और संचार माध्यमों के उपयोग को दर-किनार करना अब अव्यावहारिक नहीं ठहराया जा सकता। आज जब अपराधियों की धर-पकड़ में उनकी लोकेशन का खुलासा करने में फोन और नेट-वर्क सबसे बड़ी भूमिका निभा रहे हैं।ऐसे में इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से नोटिस न देने का निर्णय पुलिस के अधिकारों को सीमित करने सरीखा है। आधुनिक तकनीकि व प्रौद्योगिकी को रोजमर्रा के जीवन में आसानियां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रयोग किए जाने में कोई हर्ज नहीं। यह आवश्यक है कि नोटिस प्राप्ति की सूचना स्पष्ट तौर पर प्राप्त होने का प्रमाण पुलिस के हाथ हो ताकि उसे साक्ष्य प्राप्त करने में दिक्कत न हो। पुराने व पारंपरिक तरीकों को बदलना निसंदेह जोखिमपूर्ण हो सकता है। मगर इस भय से सुविधाओं को नित-प्रति जीवन से दूर नहीं रखा जा सकता।हालांकि पुलिस भी अपने अधिकारों का दुरुपयोग करने को कम बदनाम नहीं है। वह रस्मादायगी के तौर पर मैसेज, वाट्सएप या ई-मेल कर हाथ पर हाथ रखे बैठी रह सकती है। अदालती नोटिसों से न घबराने वाले दोषियों की धर-पकड़ अंततः पुलिस का ही जिम्मा है।

# भारत के घरेलू कामगारःक्यों है दरकिनार ?



**डॉ सत्यवान सौरभ**
बड़वा (सिवानी)
भिवानी,हरियाणा

घरेलू काम को सामाजिक रूप से महत्त्व दिया जाए और उचित पारिश्रमिक दिया जाए, कानून में सम्मानजनक कार्य स्थितियों की भी आवश्यकता हो सकती है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना और प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना जैसे कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए, घरेलू कामगारों के लिए एक विशिष्ट कानूनी ढांचा बनाया जाना चाहिए। इससे कार्यस्थल पर बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित होगी, न्यूनतम वेतन लागू होगा और आवश्यक सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाएगी। शक्ति असमानताओं के समाधान, काम करने की स्थितियों में सुधार और अंततः उनकी आर्थिक स्थिरता और मानवीय गरिमा की उन्नति के माध्यम से, यह कानून घरेलू कामगारों को सशक्त बनाएगा। भारत में, घरेलू कामगारों में से अधिकांश महिलाएँ हैं, जो असंगठित श्रम शक्ति का एक बड़ा हिस्सा हैं। हाल के अनुमानों के अनुसार, घरेलू कामगारों की संख्या आधिकारिक अनुमानों 4.2 मिलियन से लेकर अनौपचारिक अनुमानों 50 मिलियन से अधिक तक भिन्न है। जनवरी 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने घरेलू कामगारों के व्यापक शोषण और उनके लिए कानूनी सुरक्षा की कमी की ओर ध्यान आकर्षित किया और केंद्र सरकार को उनके अधिकारों की रक्षा के लिए एक अलग कानून पारित करने की संभावना की जाँच करने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को घरेलू कामगारों के लिए एक अलग कानून बनाने का आदेश दिया। न्यूनतम मजदूरी अधिनियम और समान पारिश्रमिक अधिनियम, अन्य श्रम कानूनों के अलावा, घरेलू कामगारों पर लागू नहीं होते हैं। एक अलग कानून संगठित विनियमन की पेशकश कर सकता है। क्योंकि कोई आधिकारिक ढांचा नहीं है, घरेलू कामगार अक्सर बिना किसी निर्धारित वेतन के काम करते हैं और मनमाने व्यवहार के अधीन होते हैं।



नियोक्ता अपने घरों को कार्यस्थल या खुद को नियोक्ता नहीं मानते हैं, जिससे घरेलू काम मुख्य रूप से अनौपचारिक और अनियमित हो जाता है। चूँकि उनके काम आधिकारिक रूप से दर्ज नहीं हैं, इसलिए श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा या न्यूनतम मज़दूरी जैसे बुनियादी अधिकार नहीं दिए जा सकते हैं। घरेलू काम में नियोजित लोगों में अब महिलाएँ सबसे ज़्यादा हैं, जिसे समाज में नारीकृत और कम आंका जाता है। लिंग के आधार पर इस असमानता को एक विशेष कानून द्वारा सम्बोधित किया जा सकता है। सामाजिक अवमूल्यन के कारण, महिलाओं को अक्सर पुरुषों की तुलना में घरेलू काम के लिए कम भुगतान किया जाता है। घरेलू काम की स्थितियाँ क्षेत्र के अनुसार अलग-अलग होती हैं। एक प्रतिबद्ध कानून क्षेत्रीय मुद्दों और समाधानों को ध्यान में रख सकता है। केरल और दिल्ली में विनियमों ने विभिन्न तरीकों से मज़दूरी दरों और रोज़गार पंजीकरण जैसे क्षेत्रीय मुद्दों को सम्बोधित करने का प्रयास किया है। श्रमिकों के अधिकारों को बनाए रखने और उल्लंघन की स्थिति में कानूनी सहारा देने के लिए स्पष्ट प्रक्रियाएँ एक अलग कानून द्वारा अनिवार्य की जा सकती हैं।

रोज़गार के दस्तावेज़ों के बिना, घरेलू कामगारों को अपना वेतन प्राप्त करना मुश्किल हो सकता है, जिसके परिणामस्वरूप शोषण हो सकता है। कम वेतन के माध्यम से भारत में घरेलू कामगारों का शोषण उनकी चुनौतियों में से एक है। घरेलू कामगारों को अक्सर जो कम वेतन मिलता है, वह उनके द्वारा किए जाने वाले श्रम की मात्रा के लिए अपर्याप्त होता है। न्यूनतम मज़दूरी विनियमन की अनुपस्थिति इस समस्या को और भी बदतर बना देती है। मुंबई के घरेलू कामगारों को लंबे कार्यदिवसों के बावजूद अपने बुनियादी जीवन-यापन के खर्चों को पूरा करने में संघर्ष करना पड़ सकता है, अगर उनका वेतन न्यूनतम वेतन से कम हो जाता है। उत्पीड़न या अनुचित व्यवहार से कानूनी सुरक्षा की कमी के कारण, घरेलू कामगार विशेष रूप से दुर्व्यवहार के लिए अतिसंवेदनशील होते हैं। दिल्ली के कर्मचारी को शारीरिक या मौखिक दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन चूंकि कोई औपचारिक अनुबंध नहीं है, इसलिए उन्हें कोई कानूनी सुरक्षा नहीं है।

चूंकि घरेलू काम निजी घरों में किया जाता है, इसलिए नियम और जटिल हो जाते हैं और नियोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच शक्ति का अंतर बढ़ जाता है। चूंकि कर्मचारियों को अक्सर चेतावनी के बिना छोड़ दिया जाता है, इसलिए इनकी नौकरी की सुरक्षा का अभाव है, जो वित्तीय अस्थिरता को बढ़ाता है। सेवा के वर्षों के बाद,किसी कर्मचारी को अचानक बिना वेतन के निकाल दिया जा सकता है, जिससे उन्हें वित्तीय सहायता या कानूनी विकल्प नहीं मिलते। चूंकि घरेलू काम को महिलाओं के काम के रूप में सामाजिक रूप से कम आंका जाता है और अक्सर हाशिए के समुदायों से जोड़ा जाता है, इसलिए यह श्रमिकों को आवाज़हीन और अदृश्य बना देता है। ग्रामीण प्रवासी महिलाओं को सामाजिक कलंक का सामना करना पड़ सकता है और उन्हें कानूनी कर्मचारी के रूप में स्वीकार किए जाने के लिए संघर्ष करना पड़ सकता है। एक विशिष्ट कानूनी ढांचा कमजोरियों से निपटने में मदद कर सकता है। एक विशिष्ट कानून न्यूनतम मज़दूरी निर्धारित कर सकता है, यह गारंटी देते हुए कि श्रमिकों को उनके काम के घंटों और कर्तव्यों के अनुरूप उचित मुआवज़ा मिले। एक राष्ट्रीय कानून सभी राज्यों में श्रमिकों के लिए एक समान न्यूनतम मज़दूरी स्थापित कर सकता है, यह गारंटी देते हुए कि खाना पकाने, सफ़ाई करने और देखभाल करने से जुड़े कामों का लगातार भुगतान किया जाता है। शिकायतों के समाधान की प्रक्रियाओं के साथ, एक अच्छी तरह से परिभाषित कानूनी ढाँचा कर्मचारियों को उत्पीड़न और दुर्व्यवहार से सुरक्षा प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा। शोषण को रोकने और दुर्व्यवहार का विरोध करने के लिए श्रमिकों को कानूनी आधार प्रदान करने के लिए कानून रोजगार अनुबंधों को अनिवार्य बना सकता है। एक राष्ट्रीय ढाँचा स्वास्थ्य बीमा, पेंशन और अन्य सामाजिक लाभ प्रदान करके श्रमिकों की वित्तीय और स्वास्थ्य सुरक्षा में सुधार कर सकता है। केरल के श्रमिकों को वर्तमान में कुछ लाभ मिलते हैं, लेकिन राष्ट्रीय कानून भारत में सभी घरेलू श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा तक निरंतर पहुँच की गारंटी दे सकता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि दोनों पक्ष अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में जानते हैं और शोषण को रोकने के लिए, एक कानून नियोक्ताओं को अपने कर्मचारियों को पंजीकृत करने की आवश्यकता हो सकती है।

घरेलू श्रमिकों का प्रतिनिधित्व करने वाले संघों ने समाप्ति को रोकने और आवश्यकता पड़ने पर कानूनी सहायता प्रदान करने के तरीके के रूप में पंजीकरण पर ज़ोर दिया है। घरेलू कामगारों की सामाजिक मान्यता को बढ़ाते हुए, घरेलू कामगारों और देखभाल को एक विशिष्ट कानूनी ढाँचे द्वारा महत्त्व दिया जा सकता है और स्वीकार किया जा सकता है। यह सुनिश्चित करने के अलावा कि घरेलू काम को सामाजिक रूप से महत्त्व दिया जाए और उचित पारिश्रमिक दिया जाए, कानून में सम्मानजनक कार्य स्थितियों की भी आवश्यकता हो सकती है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना और प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना जैसे कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए, घरेलू कामगारों के लिए एक विशिष्ट कानूनी ढांचा बनाया जाना चाहिए। इससे कार्यस्थल पर बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित होगी, न्यूनतम वेतन लागू होगा और आवश्यक सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाएगी। शक्ति असमानताओं के समाधान, काम करने की स्थितियों में सुधार और अंततः उनकी आर्थिक स्थिरता और मानवीय गरिमा की उन्नति के माध्यम से, यह कानून घरेलू कामगारों को सशक्त बनाएगा।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# संबंधों में बढ़ती हिंसा और असंवेदनशीलता



तेलंगाना में पूर्व सैनिक गुरुमूर्ति द्वारा अपनी पत्नी माधवी की हत्या और उसके शव के साथ की गई बर्बरता ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। यह घटना न केवल एक जघन्य अपराध की कहानी है, बल्कि समाज में व्याप्त हिंसा की प्रवृत्ति, रिश्तों में बढ़ती असंवेदनशीलता और मानसिक विकृति का भी प्रमाण है। इस वारदात ने श्रद्धा वालकर की हत्या की यादें ताजा कर दी हैं, जहां उसके कथित प्रेमी ने उसे मार कर शव के टुकड़े कर दिए थे। ऐसी घटनाएं समाज के भीतर गहरी पैठ बना चुकी क्रू रता और रिश्तों में बढ़ती दरारों को उजागर करती हैं। गुरु मूर्ति ने अपनी पत्नी को मारने के बाद उसके शव को टुकड़ों में काट कर कुकर में उबालने और फिर झील में फेंकने जैसा अमानवीय कृत्य किया। यह किसी साधारण अपराध की श्रेणी में नहीं आता। यह घटना हमारे समाज में बढ़ती संवेदनहीनता और मानसिक अस्थिरता को दर्शाती है। रिश्तों में असहमति होना स्वाभाविक है, लेकिन जब यह असहमति हिंसा का रूप ले लेती है, तो यह समाज के लिए गंभीर चेतावनी बन जाती है। यह घटना हमें सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर, ऐसा क्या हो गया है कि रिश्ते अब हिंसा और हत्या की ओर बढ़ रहे हैं। अपति-पत्नी के बीच संबंधों को निजी मामला माना जाता है, लेकिन क्या इन संबंधों में मानवता और संवेदनशीलता पूरी तरह खत्म हो चुकी है? गुरुमूर्ति और माधवी के बीच झगड़े पहले भी होते रहे होंगे, लेकिन इन झगड़ों ने हिंसा का ऐसा स्वरूप ले लिया जो किसी भी सभ्य समाज के लिए अस्वीकार्य है। जहां यह दंपति रहता था, वहां के पड़ोसियों को भी इस बात की भनक तक नहीं लगी। यह समाज में बढ़ती एकाकी प्रवृत्ति और पड़ोसियों के बीच संवादहीनता को उजागर करता है। क्या हम इतने आत्मकेंद्रित हो चुके हैं कि हमारे आसपास क्या हो रहा है, इसकी हमें कोई परवाह नहीं? यह घटना केवल एक अपराध नहीं है, बल्कि समाज के लिए दर्पण भी है, जिसमें हमारी सामूहिक संवेदनहीनता साफ झलकती है।रिश्तों में विश्वास की कमी और संवादहीनता ऐसी घटनाओं की मुख्य वजह बन रही हैं। घरेलू हिंसा के मामले दिन-ब-दिन बढ़ रहे हैं, लेकिन इन्हें रोकने के लिए केवल कड़े कानून पर्याप्त नहीं हैं। इन घटनाओं के पीछे छिपे मानसिक और सामाजिक कारणों को समझना और उनका समाधान खोजना भी जरूरी है। यह घटना हमें सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हम अपने रिश्तों को सही तरीके से संभाल पा रहे हैं। अगर किसी रिश्ते में समस्या है, तो उसका समाधान संवाद और परामर्श के माध्यम से निकाला जा सकता है। लेकिन जब समस्याओं को नजरअंदाज किया जाता है, तो वे हिंसा का रूप ले लेती हैं। हमें समझने की जरूरत है कि घरेलू हिंसा केवल व्यक्तिगत मामला नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज को प्रभावित करती है।माधवी की हत्या का मामला यह भी दर्शाता है कि समाज में मानसिक स्वास्थ्य और पारिवारिक तनाव को लेकर जागरूकता की कमी है। हमें समझना होगा कि मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं किसी भी व्यक्ति को हिंसक बना सकती हैं। इस दिशा में सामूहिक प्रयास की जरूरत है, जिसमें परिवार, समाज और सरकार की भूमिका अहम है। गुरु मूर्ति द्वारा किए गए इस अपराध को केवल एक अपराधी की मानसिक विकृति मान कर खारिज नहीं किया जा सकता। यह घटना समाज में व्याप्त गहरी समस्याओं की ओर इशारा करती है। इसे एक उदाहरण बना कर सुनिश्चित करना होगा कि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इसके लिए न केवल सख्त कानूनों की जरूरत है, बल्कि समाज में संवेदनशीलता और जागरूकता बढ़ाने की भी महती आवश्यकता है।यह घटना हमें सोचने पर मजबूर करती है कि हम किस दिशा में जा रहे हैं। रिश्तों में बढ़ती हिंसा और असंवेदनशीलता को रोकने के लिए हमें अपने मूल्यों और व्यवहारों पर पुनर्विचार करना होगा। यह समाज के लिए चेतावनी है कि अगर हम अब भी नहीं जागे तो ऐसी घटनाएं आम हो जाएंगी। गुरुमूर्ति और माधवी का मामला केवल एक घटना मात्र नहीं है, बल्कि समाज के लिए आत्मचिंतन का विषय भी है। हमें सुनिश्चित करना होगा कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए व्यक्तिगत, सामाजिक और संस्थागत स्तर पर जोरदार प्रयास किए जाएं।

**-सोनम लववंशी-**

# अपराधियों पर नकेल

भारत में कानून प्रवर्तन एजेंसियों (एलईए) के लिए आपराधिक मामलों में इंटरपोल के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया को कारगर बनाने के लिए विशेष रूप से भारतपोल पोर्टल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा लॉन्च किया गया है। यह पोर्टल भारत में आपराधिक घटनाओं के वांछित भगोड़ों के विरुद्ध लाल' तथा अन्य रंग कोडित नोटिस जारी करने के अनुरोधों को सुगम बनाता है। केंद्रीय अन्वेषण व्यूरो (सीबीआई) द्वारा बनाए गए इस पोर्टल की महत्त्वपूर्ण विशेषता रीयल टाइम इंटरफेस है।अभी तक इंटरपोल के साथ काम करने वाली एकमात्र एजेंसी सीबीआई होती थी किंतु भारतपोल लॉन्च होने से हर भारतीय एजेंसी और सभी राज्यों की पुलिस अंतरराष्ट्रीय पुलिस संगठन (इंटरपोल) के साथ जुड़ सकेंगी। पोर्टल और तीन नये आपराधिक कानून विदेश भागे अपराधियों को पकडने का मजबूत माध्यम सिद्ध हो सकेंगे। गृह मंत्रालय के अनुसार भारतपोल वास्तविक समय पर सूचना साझा करने और अंतरराष्ट्रीय पुलिस सहायता तक तेजी के साथ पहुंच को सक्षम करके केंद्रीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों और राज्यों की पुलिस के बीच इस प्रकार से समन्वय स्थापित करेगा कि अपराधी की तलाश एवं वापसी की प्रक्रिया और भी सुगम हो जाएगी।गृह मंत्री ने कहा कि नया पोर्टल केंद्रीय और राज्य जांच एजेंसियों को इंटरपोल में 195 सदस्य देशों से अपने मामलों की सीधे तौर पर जानकारी साझा करने और उनसे जानकारी प्राप्त करने की अनुमति देगा।




**-डॉ. एस.के. मिश्र-**

# रटने नहीं समझने पर दें जोर...



**विजय गर्ग**
चांद मलोट
पंजाब

प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ-साथ नौकरी में भी समझ-बूझ की जरूरत लगातार बढ़ती जा रही है। कॉम्पिटिटिव एग्जामिनेशंस में जहां एनालिटिकल प्रश्नों की संख्या बढ़ रही है, वहीं कॉरपोरेट दुनिया में कद्र उसी की बढ़ रही है जो उत्साह के साथ पहल करने और चुनौतियों का सामना करने को तत्पर रहता है। ऐसे में जरूरी है कि किसी भी विषय को रटने की बजाय समझने पर ध्यान देकर अपने व्यावहारिक नजरिए को विकसित करें, ताकि किसी भी परिस्थिति में पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें। क्यों जरूरी है इस तरह का पॉजिटिव एटीट्यूड, बता रहे हैं हम..... तपन कॉमर्स से ग्रेजुएशन करने के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। वे ग्रेजुएशन के पहले साल से ही हर रोज दस से बारह घंटे पढ़ाई करते रहे हैं। न वह कभी घूमते दिखाई देते हैं और न ही खेल या मनोरंजन में टाइम वेस्ट करते। हर वक्त उनका कमरा बंद ही रहता है। उनके घर कोई मेहमान आता है, तो घरवाले तपन की पढ़ाई का हवाला देते हुए धीरे-धीरे बातें करते हैं और कोशिश यही करते हैं कि तपन को कोई भी डिस्टर्ब न करे। इतनी मेहनत करने के बावजूद वह आज तक किसी प्रतियोगी परीक्षा के आखिरी चरण तक नहीं पहुंच सके हैं। स्कूल और कॉलेज में उन्हें बहुत अच्छे मार्क्स नहीं मिल सके। इस पर उनके घरवालों को काफी ताज्जुब होता है, पर इसे सब नियति मान कर चुप हो जाते हैं। दूसरा उदाहरण प्रीतम का है, जो सबको हर जगह मौजूद दिखता है। हंसता- मुस्कुराता हर दम तरो-ताजा वह क्रिकेट फुटबाल-बैडमिंटन के मैदान में भी न सिर्फ सक्रिय दिखता है, बल्कि सटीक स्ट्रेटजी बनाने और टीम को जीत दिलाने में भी सबसे आगे रहता है। हैरानी की बात यह है कि पढ़ाई पर औसतन चार-पांच घंटे देने के बावजूद वह हर क्लास में अव्वल रहता रहा है। सबसे बड़ी बात तो यह कि ग्रेजुएशन के तुरंत बाद वह सिविल सेवा परीक्षा में अपीयर हुआ और पहले प्रयास में प्रारंभिक, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार को क्वालिफाई करके आइएएस के लिए चुन लिया गया।



### कॉन्सेप्ट की समझ

ऊपर के ये दोनों उदाहरण बहुत कॉमन हैं। हमारे आस-पास दोनों तरह के स्टूडेंट मिल जाएंगे। इन दोनों की तुलना करने के बाद यही निष्कर्ष निकलता है, पढ़ाई के नाम पर 12-14 घंटे खर्च करना एक तरह से खुद को ही धोखे में रखना है। खेल-कूद, मनोरंजन से वंचित रहकर खुद को किताबों के बीच कैद कर लेने से अपने विजन का विस्तार नहीं कर सकते। हां, बार-बार एक ही ही चीज को दोहराकर आप उसे रट तो सकते हैं, लेकिन इससे आप अपनी नॉलेज और पर्सनैलिटी की ग्रूमिंग कतई नहीं करा सकते। यह हमारा भ्रम है कि किसी एग्जाम में कामयाबी के लिए 12-14 घंटे पढ़ना जरूरी है।

### टॉपर्स के संदेश

आज आप किसी भी एग्जाम या कॉम्पिटिशन के टॉपर से बात करें, तो वह यही कहेगा कि उसने से पांच-सात घंटे से ज्यादा कभी पढ़ाई ही नहीं की। हां, यह जरूर है कि जो भी पढ़ा, उसके लिए खुद को तरोताजा रखा। इतना ही नहीं, उसने घंटों पन्ने पलटने की बजाय फ्रेश माइंड से जो भी पढ़ा, उसे समझने का पूरा प्रयास किया। उसके पीछे के कॉन्सेप्ट को समझा। ज्यादा से ज्यादा पन्ने पलटने और रटने की बजाय समझने की कोशिश के चलते ही उनका कॉन्सेप्ट क्लियर हो सका और वे एग्जाम में उससे संबंधित उत्तर लिखते समय या इंटरव्यू में सवालों के जवाब देते समय सहजता के साथ अपनी बात रख सके।

### पढ़ाई का मकसद

स्कूल-कॉलेज में पढ़ने का मकसद सिर्फ एग्जाम पास करना और डिग्री लेना नहीं होता। हालांकि भारतीय समाज में गार्जियंस और स्टूडेंट्स के बीच अभी तक सामान्य धारणा यही रही है। यही कारण है किताबी बातों का हमारे व्यावहारिक जीवन में कोई उपयोग नहीं हो पाता। हमारे स्टूडेंट्स भी हर साल दर्जनों किताबें इसलिए पढ़ते हैं, ताकि एग्जाम में ज्यादा से ज्यादा अंक लाए जा सकें। अध्यापकों का जोर भी इसी बात पर ज्यादा रहता है कि किसी तरह से कोर्स कंपलीट हो जाए। इसके लिए अक्सर एक्स्ट्रा क्लासेज भी लगाए जाते हैं। टीचर, स्टूडेंट या गार्जियन इन तीनों में से किसी का जोर इस बात पर नहीं होता कि स्टूडेंट के विजन को डेवलप किया जाए। इसीलिए किताबों को रटाने की परंपरा सालों-साल से चली आ रही है।

### इनोवेटिव बनाएं

एजुकेशन रट्टू तोता बनाने के लिए नहीं, बल्कि एक समझदार, कामयाब और संवेदनशील इंसान बनाने की लिए दी जानी चाहिए। यह विडंबना ही है कि ज्यादातर स्कूल और अध्यापक इस जड़ता से उबर नहीं पाते। यह शुरूआत प्राथमिक स्कूलों से होनी चाहिए। गणित, विज्ञान या कोई भी विषय रोचक तरीके से उदाहरणों के जरिए समझाने से बच्चों को बोरियत नहीं होगी और उनकी जिज्ञासा बढ़ेगी। इसी तरह हायर क्लासेज में भी मोटी-मोटी किताबों को रटने पर जोर देने की बजाय प्रैक्टिकल के साथ धारणात्मक ज्ञान पर जोर दिया जाना चाहिए।

### समझदारी बढ़ाएं

गार्जियंस और टीचर्स दोनों को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए स्टूडेंट्स की ओवरऑल ग्रूमिंग पर ध्यान देना चाहिए। कोशिश यह करें कि बचपन से ही बच्चे की मौलिक सोच को बढ़ावा मिले। वह किसी लकीर पर चलने की बजाय नई-नई चीजों को सीखने के लिए उत्सुक बने।

### नौकरी में अलग पहचान

अगर आप कहीं नौकरी करने जा रहे हैं या कर रहे हैं, तो विपरीत परिस्थितियों से कभी विचलित न हों। अपने काम में भरपूर रुचि लें। इनोवेटिव अप्रोच रखें। आवश्कतानुसार खुद को अपडेट करते रहें। टाइम पास करने की बजाय अपने काम को स्मार्ट और परफेक्ट तरीके से करने से आपकी छवि बेहतर होगी। काम न करने और टाइम पास करने वालों से अपनी तुलना न करें। पहल करके काम करेंगे, तो हमेशा आगे बढ़ेंगे।

- पढ़ाई करते समय ज्यादा से ज्यादा पन्नों को पलटने की बजाय जो भी पढ़ें, उसे अच्छी तरह समझने का प्रयास करें।

यह जरूरी नहीं कि पढ़ाई में ज्यादा घंटे लगाकर ही आप अच्छा परिणाम हासिल कर सकते हैं।

खुद को फ्रेश रखने के लिए एंटरटेनमेंट और स्पोर्ट्स के लिए भी समय निकालें।


किसी भी विषय या थीम को रटने की बजाय उसे समझने का प्रयास करें, ताकि वह आपके दिलो-दिमाग में बैठ जाए और आप उसके बारे में किसी भी सवाल का सहजता से जवाब दे सकें।

## कविता
## भोले प्रयाग में...

घटती-घटना



**कार्तिकेय कुमार**
गांधीनगर,इंदौर
मध्यप्रदेश



भोले डुबकी लगा लें प्रयाग में,
चाहें दिन में लगे चाहें रात में,
जीवन की गति हम साध लें,
भोले डुबकी लगा लें प्रयाग में।
बहती है भोले की गंगा,
यमुना,सरस को साथ ले,
जीवन को पावन हम कर लें,
भोले डुबकी लगा लें प्रयाग में।
नगरी है वहीं मेरे राम की,
बसते हैं यहीं घनश्याम भी,
भोले-भक्ति करें मन भर के,
भोले डुबकी लगा लें प्रयाग में।
मन में जो बसा मोह मेरे,
और इच्छाओं की है गठरिया,
छोड़ आना तू कुंभ में जा के,
भोले डुबकी लगा लें प्रयाग में।
सदियों में मिला है मौका,
खोज लें अपने हिन्दुस्तान को,
धरा पर बसा लें स्वर्ग हम,
भोले डुबकी लगालें प्रयाग में।
कहा करते हैं हमसे भोले,
जीवन में प्रेम रस घोलें,
मुस्काते हुए हम बोलें,
भोले डुबकी लगा लें प्रयाग में।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक

# चुनाव प्रचार का शोरगुल थमा

## अब डोर-टू- डोर जनसंपर्क करने में जुटे प्रत्याशी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

नगरीय निकाय चुनाव के लिए 9 फरवरी की रात 12 बजे से चुनाव प्रचार थम गया। अब प्रत्याशी व उनके समर्थक मतदाताओं से घर-घर जाकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करने में जुट गए हैं। जनसभा, नक्कड़ नाटक, रैलियां नहीं की जाएगी। पिछ्ले कई दिनों से नगर निगम अंबिकापुर व नगर पंचायत के लिए चुनाव प्रचार काफी जोरों से चल रहा था।

चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मतदान से 48 घंटे पूर्व कोई भी प्रत्याशी किसी स्थान पर सभा कर लोगों से वोट नहीं मांग सकंगे। चुनाव प्रचार में लगे विभिन्न प्रत्याशियों के वाहनों पर लगे लाउडस्पीकर से प्रचार का समय भी रविवार की रात 12 बजे खत्म हो गया। इससे पूर्व प्रचार के आखिरी दिन सड़कों पर प्रत्याशियों व उनके कार्यकर्ताओं ने प्रचार- प्रसार में पूरी जान लगा दी। अंतिम दिन प्रचार वाहन दौड़ते रहे। रात 12 बजे के बाद लोगों को चुनावी शोर से राहत मिली। सरगुजा में नगर निगम अंबिकापुर व नगर पंचयत सीतापुर व लखनपुर में 11 फरवरी को चुनाव होना है। इसके लिए निर्वाचन आयोग द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। सोमवार को मतदान दलों को रवाना किया जाएगा। अंबिकपुर नगर निगम के लिए महापौर व 48 वार्ड पार्षदों के लिए चुनाव होना है। महापौर पद के लिए भाजपा से मंजूषा भगत व कांग्रेस डॉ. अजय तिकी सहित 5 उम्मीदवार मैदान में हैं। वहीं वार्ड पार्षद के लिए कुल 124 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इन प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 11 फरवरी को मतदाता करेंगे। अंबिकापुर नगर निगम के अलावा नगर पंचायत लखनपुर व सीतापुर के लिए भी वोटिंग 11 फरवरी को होगी। लखनपुर नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए भाजपा से सावित्री साहू, कांग्रेस से शिखा रमेश जायसवा व निर्दलीय अनिशा गुप्ता चुनाव मैदान में हैं। इसके अलावा 15 वार्डों के लिए कुल 32 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इन प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 11 फरवरी को मतदाता करेंगे। सीतापुर नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए भाजपा से अमृता पैकरा, कांग्रेस से प्रेमदान कुजूर व निर्दलीय गिरधारी राम भगत चुनाव मैदान में हैं। इसके अलावा 15 वार्डों के लिए कुल 40 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इन प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 11 फरवरी को मतदाता करेंगे।




# महाकुंभ गए व्यवसायी के सूने मकान का ताला तोडक़र 3.50 लाख नकदी व जेवरात पार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

लखनपुर में व्यवसायी के सूने मकान में चोरों ने करीब 3.50 लाख कैश और सोने-चांदी के जेवरात पार कर दिया है। व्यवसायी का परिवार महाकुंभ जाने के लिए निकला था। सुबह रिश्तेदारों ने चोरी की सूचना दी।

जानकारी के अनुसार अंबिकापुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे-130 पर सुमन पेट्रोलियम के पास व्यवसायी सुरेंद्र अग्रवाल रहते हैं। उनका परिवार कुंभ स्नान के लिए प्रयागराज जाने शनिवार रात करीब 9 बजे लखनपुर से रवाना हुआ। रविवार सुबह सुरेंद्र अग्रवाल के घर का ताला टूटा मिला। घर के अलमारी का ताला टूटा मिला। उसके अंदर रखे कैश और सोने-चांदी के जेवरात गायब थे।घटना की सूचना पर लखनपुर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने सुरेंद्र अग्रवाल के घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच की जा रही है। डॉग स्क्वायड को भी पुलिस ने मौके पर बुलाया। डॉग स्क्वायड की टीम को जांच में कोई बड़ी लीड



नहीं मिली है। व्यवसायी के अनुसार, घर की अलमारी में करीब 3.50 लाख रुपए नगद, 12 तोले से अधिक सोने के जेवर और चांदी के जेवर रखे थे। कुल चोरी 12 लाख रुपए से अधिक की बताई जा रही है। सीसीटीवी फुटेज में क्या मिला है, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। सुरेंद्र अग्रवाल गल्ले का कारोबार करते हैं। घर के महिलाओं के जेवरों की चोरी हुई है। लखनपुर पुलिस मामले की जांच कर रही है। व्यवसायी परिवार के लौटने के बाद स्पष्ट हो सकेगा कि, घटना में किन वस्तुओं और जेवरातों की चोरी हुई है।

# शहर के 16 केन्द्रों पर दो पालियों में हुई राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा

- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 का आयोजन 9 फरवरी को दो पालियों में किया गया। इसके लिए अंबिकापुर में 16 परीक्षा केंद्र बनाए थे। पहली पाली में की परीक्षा सुबह 10 बजे से शुरू हुई, जो दोपहर 12 बजे तक चली। वही दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की गई।

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए 7968 परीक्षार्थियों ने पंजीयन कराया था। परीक्षा संचालन की व्यवस्था को सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के लिए डिप्टी कलेक्टर डीएस उइके को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के पहले पाली में 2762 परीक्षार्थी शामिल हुए। जबकि 5206 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जबकि 7968 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया था। पली पाली की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित हुई। दूसरी पाली की परीक्षा में 2667 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। वहीं 5301 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की गई।



# शादी का झांसा देकर जबरन दुष्कर्म करने के मामले मे सरगुजा पुलिस की त्वरित कार्यवाही

- » पुलिस चौकी रघुनाथपुर द्वारा मामले मे कार्यवाही करते हुए आरोपी को किया गया गिरफ्तार
- » महिला सम्बन्धी अपराधों में पुलिस टीम द्वारा की जा रही लगातार कार्यवाही

- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

मामले का संक्षिप्त विवरण में बताया गया कि प्रार्थिया दिनांक 09/02/25 कों पुलिस चौकी रघुनाथपुर आकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई कि प्रार्थिया का जानपहचान 07 वर्ष पूर्व लमगाँव निवासी प्रवीण तिर्की से हुआ था, साथ मे पढ़ने से आपसी बातचीत होता था, कि माह अक्टूबर 2017 मे प्रवीण प्रार्थिया कों प्यार करने की बात बोलकर शादी करने का झांसा दिया था कि घटना दिनांक 12/ 03/ 2018 कों प्रार्थिया घर पर अकेली थीं इसी दौरान प्रवीण तिर्की प्रार्थिया कों शादी करने एवं पत्नी बनाकर रखने का झांसा देते हुए जबरन दुष्कर्म की घटना कारित किया गया, इसके बाद अक्सर आरोपी प्रार्थिया के घर आकर एवं प्रार्थिया कों ले जाकर प्रार्थिया से जबरन दुष्कर्म की घटना कारित करता था, अंतिम बार 30/01/25 कों जबरन दुष्कर्म की घटना कारित किया गया हैं, और अब प्रार्थिया द्वारा शादी की बात बोलने पर आरोपी टाल मटोल कर इंकार कर रहा हैं, मामले मे प्रार्थिया के रिपोर्ट पर थाना लुन्ड्रा/पुलिस चौकी रघुनाथपुर मे अपराध क्रमांक 33/25 धारा रिपोर्ट पर धारा 332(क), 64(2)(ड) बी.एन.एस. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना पुलिस टीम द्वारा पीड़िता का कथन लेख कर पीड़िता का डॉक्टरी मुलाहिजा कराया गया एवं मामले के आरोपी का पता तलाश किया जा रहा था, दौरान पता तलाश पुलिस टीम के सतत प्रयास से आरोपी प्रवीण तिर्की कों पकड़कर पूछताछ किया गया जो आरोपी द्वारा अपना नाम प्रवीण तिर्की उम्र 27 वर्ष साकिन लमगाँव पुलिस चौकी रघुनाथपुर थाना लुन्ड्रा का होना बताया, आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर पीड़िता कों शादी का झांसा देकर जबरन दुष्कर्म की घटना कारित करना स्वीकार किया गया, आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जाता हैं। सम्पूर्ण मामले मे चौकी प्रभारी रघुनाथपुर उप निरीक्षक आर. एन. पटेल, प्रधान आरक्षक दीनानाथ भारती, प्रधान आरक्षक संजय नागेश, आरक्षक राकेश एक्का, बहादुर एक्का एवं मकरध्वज सक्रिय रहे




# अक्षुण्ण है सनातन पुस्तक का विमोचन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

कवयित्री एवं सेवा निवृत्त प्राचार्य संध्या सिंह की प्रकाशित कृति अक्षुण्ण है सनातन पुस्तक का विमोचन महाकुंभ प्रयागराज में संतों एवं साहित्यिक विद्वानों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. नीरू मिश्रा तथा अक्षता आलोक शुक्ला ने की। संध्या सिंह ने अपने स्वरचित पुस्तक के पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज सनातन के प्रति समस्त विश्व के दृष्टि में सम्मान बढ़ा है। सनातन धर्म का आधार वैज्ञानिक है जो अखिल विश्व को सफल जीवन जीने का सही तरीका सिखाता है। उन्होंने अपना यह काव्य संग्रह अपनी पोती अक्षरा को समर्पित की है। इस समर्पण के संबंध में उन्होंने कहा कि बच्चे मन के सच्चे होते हैं जो सारे घर का वातावरण खुशियों से भर देते हैं। बालपन से ही उनमें संस्कार एवं सनातन के प्रति प्रेम की भावना जागृत करने का दायित्व हम पर है। आज के बच्चे कल के अच्छे नागरिक बनें, इसी भावना से यह पुस्तक मैंने अपनी पोती को समर्पित किया है। इस अवसर पर डॉ. बाजवा, टीडी पटेल, संजीव सिन्हा, जया सिन्हा, भानूमती पटेल, डॉ. आकाश, डॉ. स्नेहा सिंह तथा अन्य काव्यप्रेमी उपस्थित थे।



# अस्पताल से की थी कंप्यूटर ऑपरेटर की बाइक चोरी, आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

चोरी की बाइक के साथ मणिपुर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार शानू हिरण दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम करजी का रहने वाला है। वह मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत है। वह 1 फरवारी को प्रति दिन की तरह बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएम 7814 से ड्यूटी आया था और बाइक को मेडिसिन विभाग के पास खड़ा कया था। दोपहर में जब वह घर जाने निकला तो उसकी बाइक खड़े किए गए स्थान पर नहीं था। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई थी। शानू ने 2 फरवरी को मामले की रिपोर्ट मणिपुर थाना में दर्ज कराई थी। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कर रही थी।

विवेचना के दौरान मुखबिर से जानकारी मिली की लोधिमा निवासी राहुल विश्वकर्मा एक बाइक बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रह रहा है। संदेह पर पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की तो वह अस्पताल से बाइक चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद की है। पुलिस ने आरोपी राहुल विश्वकर्मा पिता शांतिलाल विश्वकर्मा उम्र 30 वर्ष निवासी बरछापुरा थाना जेबर जिला सिहोर मध्यप्रदेश हाल मुकाम लोधिमा सुमेरपारा थाना मणीपुर को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।





# युद्ध विराम समझौते के तहत गाजा से लौट रही इस्राइली सेना

## बगैर जांच के उत्तर गाजा जा सकेंगे फिलस्तीनी



**तेल अवीव,09 फरवरी 2025।** रविवार को एक इस्राइली अधिकारी ने कहा कि इस्राइली सेना ने गाजा के एक महत्वपूर्ण गलियारे से हटना शुरू कर दिया है, जो हमास के साथ युद्ध विराम समझौते का हिस्सा है। इस्राइल ने युद्ध विराम के हिस्से के रूप में नेत्ज़ारिम गलियारे से अपनी सेना हटाने पर सहमति जताई, यह एक भूमि पट्टी है जो उत्तरी गाजा को दक्षिणी से विभाजित करती है। युद्ध विराम की शुरुआत में, इस्राइल ने फलस्तीनियों को युद्ध-ग्रस्त उत्तर में अपने घरों की ओर जाने के लिए नेत्ज़ारिम पार करने की अनुमति देना शुरू कर दिया और इस क्षेत्र से सेना की वापसी समझौते के प्रति एक और प्रतिबद्धता को पूरा करेगी। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं था कि इस्राइल ने रविवार को कितने सैनिकों को वापस बुलाया था।

### समझौता नाज़ुक और विस्तार की गारंटी नहीं

42-दिवसीय युद्ध विराम अभी अपने आधे बिंदु से आगे बढ़ा है और दोनों पक्षों को एक विस्तार पर बातचीत करनी चाहिए जिससे हमास की कैद से अधिक इस्राइली बंधकों को मुक्त किया जा सके। लेकिन समझौता नाजुक है और विस्तार की गारंटी नहीं है। दोनों पक्षों को युद्धविराम के दूसरे चरण पर बातचीत शुरू करनी है, लेकिन ऐसा लगता है कि इसमें बहुत कम प्रगति हुई है।

### दूसरे चरण के लिए कैबिनेट के साथ बैठक करेंगे नेतन्याहू

इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू कतर में एक प्रतिनिधिमंडल भेज रहे थे, जो दोनों पक्षों के बीच बातचीत में एक प्रमुख मध्यस्थ था, लेकिन इस मिशन में निम्न-स्तरीय अधिकारी शामिल थे, जिससे अटकलें लगाई जा रही थीं कि इससे युद्धविराम को आगे बढ़ाने में कोई सफलता नहीं मिलेगी। नेतन्याहू की तरफ से इस सप्ताह सौदे के दूसरे चरण पर प्रमुख कैबिनेट मंत्रियों की बैठक बुलाने की उम्मीद है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि यह कब होगी।

### 33 इस्राइली बंधकों को धीरे-धीरे रिहा कर रहा हमास

युद्धविराम के पहले चरण के दौरान, हमास 7 अक्तूबर, 2023 को अपने हमले के दौरान पकड़े गए 33 इस्राइली बंधकों को धीरे-धीरे रिहा कर रहा है, बदले में लड़ाई में विराम, सैकड़ों फलस्तीनी कैदियों की रिहाई और युद्ध से त्रस्त गाजा को मानवीय सहायता की एक मंजिल दे रहा है। इस सौदे में यह तय किया गया है कि इस्राइली सैनिक गाजा के आबादी वाले इलाकों से पीछे हटेंगे और फलस्तीनियों को इस्राइली बलों की तरफ से निरीक्षण किए बिना, नेत्ज़ारिम से होकर गुजरने वाली एक केंद्रीय सड़क से उत्तर की ओर जाने की अनुमति दी जाएगी। दूसरे चरण में, गाजा से इस्राइल की पूरी तरह वापसी और स्थायी शांति के बदले में सभी शेष बंधकों को रिहा कर दिया जाएगा।

# श्रीलंका में एक बंदर ने पूरे देश में कर दिया अंधेरा !

## घंटों परेशान रहे लोग

**नई दिल्ली,09 फरवरी 2025।** श्रीलंका में एक अनोखी घटना सामने आई, जब एक बंदर के कारण पूरे देश में बिजली गुल हो गई। यह घटना रविवार (9 फरवरी 2025) को दक्षिण कोलंबो में हुई, जब एक बंदर ग्रिड ट्रांसफार्मर के संपर्क में आ गया और इससे पूरे विद्युत सिस्टम में असंतुलन पैदा हो गया। श्रीलंका के ऊर्जा मंत्री कुमार जयकोडी ने बताया कि इस घटना के चलते पूरे देश को तीन घंटे तक



ब्लैकआउट का सामना करना पड़ा। न्यूज एजेंसी एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार, सुबह लगभग 8ः30 बजे ग्रिड ट्रांसफार्मर में बंदर घुसने के कारण अचानक बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इससे पूरे देश में अंधेरा छा गया और लोग असुविधा में पड़ गए। इंजीनियरों की तत्परता के चलते सुबह 11ः30 बजे तक कुछ इलाकों में बिजली बहाल कर दी गई, लेकिन अन्य क्षेत्रों में आपूर्ति पूरी तरह सामान्य होने में और समय लगा। यह पहली बार नहीं है जब श्रीलंका को ऐसे बड़े बिजली संकट का सामना करना पड़ा हो। वर्ष 2022 में जब श्रीलंका गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहा था, तब देश में ईंधन की भारी कमी के कारण महीनों तक बिजली कटौती जारी रही थी। उस दौरान लोग 10 से 13 घंटे तक बिजली कटौती झेलने को मजबूर थे, जिससे व्यापार, स्कूल और अस्पतालों पर भारी असर पड़ा था। उस समय देश में खाद्य और ईंधन सहित कई आवश्यक चीजों की आपूर्ति बाधित हो गई थी, जिससे जनता में आक्रोश फैल गया था और सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे।

बंदरों द्वारा उत्पात मचाने की खबरें तो अक्सर सामने आती हैं, लेकिन इस बार श्रीलंका के राष्ट्रीय ग्रिड को ठप्प कर देने की घटना ने सबको चौंका दिया। अधिकारियों ने बताया कि ग्रिड में घुसने वाला यह बंदर बच नहीं पाया, लेकिन उसके कारण पूरे देश को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। अब प्रशासन इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए ट्रांसफार्मर और ग्रिड स्टेशनों की सुरक्षा बढ़ाने के उपाय कर रहा है। हालांकि, यह घटना सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गई है, और लोग इसे हनुमान जी द्वारा त्रेतायुग में लंका जलाने की पौराणिक कथा से जोड़कर मजाकिया टिप्पणियां कर रहे हैं।




## बाइडन के बाद उनके चहेतों पर ट्रंप का एक्शन,ब्लिंकन और जेक सुलिवन की सुरक्षा मंजूरी की रद्द

**वाशिंगटन,09 फरवरी 2025।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक और बड़ा कदम उठाते हुए अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन की सुरक्षा मंजूरी खत्म कर दी है। उनका यह फैसला उस दिन के बाद आया जब उन्होंने अपने पूर्ववर्ती जो बाइडन की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी थी और उनकी दैनिक खुफिया ब्रीफिंग बंद कर दी थी।

इसके साथ ही डोनाल्ड ट्रंप ने बाइडन प्रशासन की पूर्व डिप्टी अटॉर्नी जनरल लिसा मोनाको की सुरक्षा मंजूरी भी रद्द कर दी। बता दें कि, लिसा मोनाको ने 6 जनवरी 2021 को यूएस कैपिटल (संसद भवन) पर हुए हमले के बाद न्याय विभाग की कार्रवाई में अहम भूमिका निभाई थी। इसके अलावा, न्यूयॉर्क की अटॉर्नी जनरल लेटिशिया जेम्स और मैनहटन जिला अटॉर्नी एल्विन ब्रैग की सुरक्षा मंजूरी भी हटा दी गई है। ये दोनों ट्रंप के खिलाफ कानूनी मामलों की अगुवाई कर रहे थे।

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की सुरक्षा मंजूरी खत्म करते हुए ट्रंप ने शुक्रवार को कहा, जो बाइडन को अब गोपनीय जानकारी तक पहुंचने की कोई जरूरत नहीं है। सोशल मीडिया साइट ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने लिखा, इसलिए, हम तुरंत जो बाइडन की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर रहे हैं और उनकी रोजाना की खुफिया ब्रीफिंग रोक रहे हैं। ट्रंप ने अपनी पुरानी रियलिटी टीवी शो द अप्रेंटिस के अंदाज में लिखा, जो, तुम निकाले जा चुके हो!

अमेरिका में आमतौर पर पूर्व राष्ट्रपतियों को पद छोड़ने के बाद भी खुफिया जानकारी मिलती रहती है, लेकिन ट्रंप ने यह परंपरा तोड़ दी। उन्होंने कहा कि बाइडन ने 2020 में चुनाव जीतने के बाद उनकी सुरक्षा मंजूरी रद्द की थी। उस समय बाइडन ने ट्रंप के अनिश्चित व्यवहार को इसका कारण बताया था, खासतौर पर 6 जनवरी 2021 को जब ट्रंप समर्थकों ने संसद भवन पर हमला किया था।

# ट्रंप प्रशासन में अमेरिका से निर्वासित किए जाने का डर

## पार्ट टाइम नौकरी छोड़ रहे भारतीय छात्र




**वॉशिंगटन,09 फरवरी 2025।** भारतीय छात्रों के लिए अमेरिका जाना और वहां पढ़ाई करना एक सपना रहा है, लेकिन इन दिनों ये सपना एक बुरे दुस्वप्न में बदल गया है। दरअसल ड्रोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका की सत्ता संभालने के बाद आव्रजन नीति पर कड़ा रुख अपनाया है। इसके चलते अमेरिका से अवैध अप्रवासियों को हथकड़ी बांधकर निर्वासित किया जा रहा है। इसी का असर है कि अमेरिका में रह रहे भारतीय छात्र अब पॉर्ट टाइम नौकरी करने से बच रहे हैं और जो पहले से पार्ट टाइम नौकरी कर रहे है,वे या तो नौकरी छोड़ रहे हैं या फिर डर के साये में जी रहे हैं।

डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता संभालने के बाद से वीजा अस्वीकृति बढ़ी है और साथ ही अमेरिका में कार्यस्थलों पर अप्रवासियों की जांच और पूछताछ भी बढ़ गई है। यही वजह है कि अमेरिका में पढ़ाई करने की सोच रहे कई भारतीय छात्र अब फिर से अपने फैसले पर विचार करने को मजबूर हुए हैं।

पिछले एक साल में, भारतीय छात्रों को अमेरिका द्वारा जारी किए गए स्न-1 छात्र वीज़ा की संख्या में उल्लेखनीय गिरावट आई है। अमेरिकी विदेश विभाग के आंकड़ों के विश्लेषण के अनुसार, जनवरी से सितंबर 2024 तक 64,008 भारतीय छात्रों को वीजा दिया गया, जबकि 2023 में इसी अवधि के दौरान 1,03,495 वीजा जारी किए गए। इस तरह 2023 की तुलना में 2024 में भारतीय छात्रों को जारी किए गए वीजा में 38 प्रतिशत की गिरावट आई। भारतीय छात्र अमेरिका में सिकुड़ते जॉब मार्केट को लेकर भी चिंतित हैं। अमेरिकी कंपनियां अब स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दे रही हैं। अमेरिका आव्रजन प्रणाली भी अब अंतरराष्ट्रीय छात्रों को दरकिनार कर रही है। अमेरिका में रह रहे कई भारतीय छात्रों ने अमेरिका के मौजूदा हालात पर चिंता जाहिर की है और उनका कहना है कि अब उन्हें नौकरी मिलना मुश्किल हो गया है और चीजें बेहद खराब हो गई हैं।

अमेरिका में पढ़ रहे कई भारतीय छात्रों ने कानून प्रवर्तन एजेंसियों की बढ़ती जांच पर चिंता जाहिर की। उनका कहना है कि जांच एजेंसियों के लोग अब कार्यस्थलों पर आकर अप्रवासियों की जांच करते हैं और उनके पहचान पत्र और वैध दस्तावेज जांचते हैं। इससे अमेरिका में अपनी पढ़ाई और खर्च चलाने के लिए पार्ट टाइम नौकरी करने वाले छात्रों की परेशानी बढ़ी है और जांच एजेंसियों के सख्त रुख के चलते वे नौकरी छोड़ रहे हैं।

## माली में बंदूकधारियों के हमले में 25 नागरिक की मौत

### सोने की खदान में करते थे काम



**बमाको,09 फरवरी 2025।** अफ्रीकी देश माली में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। शुक्रवार को वाहनों के एक काफिले पर बंदूकधारियों ने हमला कर दिया, जिसमें 25 नागरिक मारे गए। ये काफिला माली की सेना की निगरानी में जा रहा था। एक सैन्य प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि मरने वालों में अधिकतर सोने की खदान में काम करने वाले खनिक थे।

यह हमला शुक्रवार को देश के उत्तर-पूर्व में स्थित सबसे बड़े शहर गाओ से लगभग 30 किलोमीटर दूर हुआ, जहां सत्तारूढ़ जुंटा के विरोधी सशस्त्र समूह सक्रिय हैं। यह इस वर्ष नागरिकों पर किया गया सबसे घातक हमला है। सेना के प्रवक्ता कर्नल मेजर सौलेमेन डेम्बेले ने बताया कि हमलावरों ने सेना द्वारा संचालित लगभग 60 वाहनों के काफिले को निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि हमलावरों में से चार घायल हो गए। उन्होंने सेना के किसी कर्मी के हताहत होने पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। गाओ के एक निवासी ने अपनी सुरक्षा के मद्देनजर नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया, मेरी बहन हमले में बच गई, लेकिन वह मानसिक सदमे में है। उसने बहुत से लोगों को मृत और घायल देखा, पूरी तरह से भयावह दृश्य। यह पहली बार था जब उसने मृत लोगों को देखा था।

हालांकि अभी तक किसी भी हथियारबंद समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। इस क्षेत्र में कई समूह सक्रिय हैं, जिनमें इस्लामिक स्टेट समूह, अल-कायदा से जुड़ा जेएनआईएम और माली के सैन्य शासन के विरोधी अज़ावाद क्षेत्र के अन्य समूह शामिल हैं। माली 10 साल से ज्यादा समय से हिंसा देखने को मिल रही है। सेना ने 2020 में चुनी गई सरकार की अलोकप्रियता का लाभ उठाते हुए सत्ता उसे सत्ता से बेदखल कर दिया था। जिसके बाद से नए शासन को आतंकवादी हमलों से जूझना पड़ रहा है।

# अमेरिकी सरकार के भुगतान प्रणाली पर मस्क ने उठाए सवाल

**» सालाना 100 अरब डॉलर की धोखाधड़ी के लगाए आरोप**

**वाशिंगटन,09 फरवरी 2025।** टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने रविवार को अमेरिकी सरकार की भुगतान प्रणाली पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि इसमें भारी गड़बड़ियां और 100 अरब डॉलर से ज्यादा की संभावित धोखाधड़ी हर साल हो रही है। मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि वित्त विभाग और सरकारी दक्षता विभाग ने मिलकर सरकारी भुगतान की निगरानी के लिए नए नियम तय किए हैं। अब सभी सरकारी भुगतानों के लिए भुगतान वर्गीकरण कोड होगा, जिससे ऑडिट करना आसान होगा।

एलन मस्क ने बताया कि पहले सरकारी भुगतान में यह कोड नहीं डाला जाता था, जिससे ऑडिटिंग मुश्किल हो जाती थी। इसके अलावा, सभी भुगतानों के लिए एक टिप्पणी में कारण बताना जरूरी होगा। मस्क के मुताबिक, अभी तक यह हिस्सा खाली छोड़ दिया जाता था।



### धोखाधड़ी रोकने के लिए डू-नॉट-पे सूची

एलन मस्क ने एक और बड़ी समस्या की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि डू-नॉट-पे सूची, जिसमें धोखाधड़ी करने वाले, मृत व्यक्ति, संदिग्ध संगठन या गलत भुगतान पाने वाले शामिल होते हैं, इसे समय पर अपडेट नहीं किया जाता। अभी इसमें किसी का नाम जुड़ने में एक साल लग सकता है, जबकि इसे हर हफ्ते या रोजाना अपडेट होना चाहिए।

100 अरब डॉलर बिना पहचान नंबर के लोगों को दिए गए! उन्होंने दावा किया कि हर साल 100 अरब डॉलर ऐसे लोगों को दिए जा रहे हैं, जिनके पास सोशल सिक्योरिटी नंबर (एसएसएन) या अस्थायी पहचान नंबर भी नहीं है। यह बेहद संदेहजनक है। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने वित्त विभाग के अधिकारियों से पूछा कि इस रकम में से कितना हिस्सा पक्की धोखाधड़ी हो सकता है, तो जवाब मिला कि लगभग 50 अरब डॉलर (हर हफ्ते 1 अरब डॉलर) का घोटाला हो सकता है। उन्होंने इसे पागलपन करार देते हुए कहा कि इस समस्या का समाधान तुरंत किया जाना चाहिए।

### मस्क का चेतावनी भरा संदेश

एलन मस्क ने एक चार्ट शेयर करते हुए लिखा, सरकारी भुगतान में धोखाधड़ी की रकम (जो आपके टैक्स से दी जाती है) आपकी सोच से कहीं ज्यादा बड़ी है! उन्होंने कहा कि यह बेहद गंभीर मुद्दा है और सरकार को जल्द से जल्द कदम उठाने चाहिए।



## बांग्लादेश में अवामी लीग के नेता के घर पर हमले के बाद 40 लोग गिरफ्तार

**ढाका, 09 फरवरी 2025।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका के बाहरी इलाके में अवामी लीग के एक नेता के घर में तोड़फोड़ के दौरान एक छात्र समूह के कार्यकर्ताओं पर हुए हिंसक हमले के बाद बांग्लादेश में 40 लोगों को...

बांग्लादेश की राजधानी ढाका के बाहरी इलाके में अवामी लीग के एक नेता के घर में तोड़फोड़ के दौरान एक छात्र समूह के कार्यकर्ताओं पर हुए हिंसक हमले के बाद बांग्लादेश में 40 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई है। इस हमले में कई लोग घायल हो गए। मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस की सरकार ने शुक्रवार रात गाजीपुर जिले में छात्रों और आम लोगों पर हुए हमले के बाद शनिवार को ऑपरेशन डेविल हंट का आदेश दिया था।

'यूनाइटेड न्यूज ऑफ बांग्लादेश की खबर के अनुसार गाजीपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) चौधरी जाबेर सादिक ने कहा कि अभियान के तहत जिले के विभिन्न हिस्सों से 40 लोगों को पकड़ा गया। शुक्रवार की रात, अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के सभी चिह्नों को नष्ट करने और तोड़फोड़ करने वाली भीड़ के कम से कम 14 लोग गाजीपुर शहर के दक्षिणखान इलाके में हमले की चपेट में आकर घायल हो गए। यह हिंसा पूर्व मुक्ति संग्राम मामलों के मंत्री मोजम्मेल हक के आवास पर हमले के दौरान हुई थी।

# लैंगिग उत्पीडऩ के मामले में प्रभारी प्राचार्य निलंबित

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,09 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।**

सरगुजा कलेक्टर विलास भोस्कर ने लखनपुर स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल के प्रभारी प्राचार्य को निलंबित कर दिया है। प्रभारी प्राचार्य को विशाखा समिति की जांच में महिला कर्मियों के लैंगिग उत्पीडऩ, अभद्रता व महिलाओं के प्रति अशोभनीय व्यवहार के लिए दोषी पाया गया है। स्कूल की सहायक शिक्षिका को भी स्कूल से हटा दिया गया है। शिक्षिका को देवगढ़ आत्मानंद स्कूल भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक, लखनपुर स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिस मिडियम स्कूल के सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला), नीलम गुप्ता ने प्राचार्य संजय कुमार वर्मा के खिलाफ अभद्रता, अशोभनीय व्यवहार एवं लैंगिक उत्पीडऩ की शिकायत की थी। मामले की जांच ÷विशाखा समिति÷ द्वारा की गई। जांच रिपोर्ट मिलने पर दोनों पर कार्रवाई की गई है। विशाखा समिति की जांच में निष्कर्ष दिया गया कि प्रभारी प्राचार्य संजय कुमार वर्मा का आचरण अशिष्ट, अभद्र




और अशोभनीय है,जो कार्यस्थल पर महिलाओं के प्रति लैंगिक उत्पीडऩ की श्रेणी में आता है। यह व्यवहार छात्र-छात्राओं और समस्त स्टॉफ के लिए अनुचित और पद की गरिमा के विपरीत पाया गया। समिति की अनुशंसा के आधार पर सरगुजा कलेक्टर एवं जिला निवार्सचन अधिकारी ने प्रभारी प्राचार्य संजय कुमार वर्मा को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 3 और 22 (3) तथा कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीडऩ अधिनियम, 2013 के उल्लंघन का प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, सरगुजा संभाग, अंबिकापुर नियत किया गया है। विशाखा समिति ने नीलम गुप्ता के संबंध में भी निष्कर्ष निकाला कि उनके विद्यालय में बने रहने से वातावरण दूषित होने की संभावना है। कलेक्टर एवं अध्यक्ष सेजेस विद्यालय समिति विलास भोस्कर ने उन्हें छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-3 का प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए, तत्काल प्रभाव से वर्तमान विद्यालय से मुक्त कर सेजेस विद्यालय, देवगढ़, विकासखंड-सीतापुर, जिला-सरगुजा में कार्य संपादन हेतु आदेशित किया गया है।

# क्या चिरमिरी नगर निगम चुनाव में दिल्ली का परिणाम डालेगा असर?

**क्या सत्ता के तरफ ही जाना चाहेगी चिरमिरी की जनता...विपक्ष के साथ जाकर अपने विकास में अवरोध नहीं डालना चाहेगी जनता?**

**जनता की समझदारी ही तय करेगा चिरमिरी नगर निगम के चुनाव का परिणाम**

**भाजपा प्रत्याशी को केंद्र से लेकर राज्य तक की सत्ता का मिल सकता है लाभ और विकास की रुकावट नहीं बनने देगी विपक्ष के प्रत्याशी को चुनकरः सूत्र**

**प्रचार के लिए समय बचा है कम...मतदाताओं के दिमाग में सत्ता के तरफ जाने की ही चल रही है चालाकी**

**भाजपा का प्रत्याशी भले ही नया है पर मुकाबला वर्तमान व पूर्व विधायक के बीच में है**





-रवि सिंह-
चिरमिरी,09 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव सामने है जिसमें मात्र 1 दिन ही बचे हैं और राष्ट्रीय पार्टी सहित निर्दलीय प्रत्याशी महापौर बनने के लिए पूरा प्रयास करते दिख रहे हैं इसी बीच दिल्ली राज्य के आए चुनाव परिणाम में पूरे समीकरण को बिगाड़ दिया है, एक बार फिर यह बात लगने लगी है की नगरीय निकाय चुनाव में मतदाता सत्तापक्ष के साथ ही जाएगा, ऐसा इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि अपने विकास में अवरोध पैदा करने के लिए विपक्ष के साथ जाना शायद ही जनता चाहेगी, जनता ऐसा जरूर सोचने पर मजबूर होगी कि यदि वह विपक्षी दल का महापौर व पार्षद चुनती है तो कहीं ना कहीं अपने ही विकास के पैरों पर कुल्हाड़ी मारना जैसा होगा? जनता भी काफी शिक्षित हो चुकी है और समय के साथ फैसला लेना वह जानने लगी है, दिल्ली राज्य के आए परिणामो ने भी कुछ ऐसा ही तय कर दिया है, अब जिस तरह केंद्र से लेकर राज्य में भाजपा की सरकार है और यदि भाजपा के प्रत्याशी के अलावा किसी और प्रत्याशी को जीत मिलती है तो ऐसा लोगों के मन में चल रहा है कि विकास अवरुद्ध होगा? जिस वजह से वह सत्ता पक्ष के प्रत्याशी के साथ ही जाने का मन बना लिए हैं फिलहाल तो वह अपनी मंशा को जाहिर नहीं होने दे रहे क्योंकि प्रत्याशियों के सामने वह प्रत्यक्ष उजागर नहीं होना चाह रहे हैं। वैसे माना जा रहा है कि दिल्ली के नतीजे नगरीय निकाय चुनाव पर बहुत बड़ा फर्क डालेंगे और यह नतीजा कहीं ना कहीं भाजपा के लिए वरदान साबित हो सकता है। चिरमिरी की जनता भी समझदार जनता है और वह अपने लिए अच्छा निर्णय लेना जानती है पहले उसने सत्तापक्ष के विधायक का साथ दिया था उनकी धर्मपत्नी को उन्होंने महापौर बनाया था इसबार लगता है वह मंत्री जी के साथ सत्ता के साथ जाएंगे क्योंकि स्थानीय विधायक जो स्वास्थ्य मंत्री हैं ने चिरमिरी के स्थायित्व के लिए बहुत कुछ वादे किए हैं जो पूरा होने भी लगे हैं और ऐसे में जनता नहीं चाहेगी कि वह मंत्री को नाराज करे और सत्ता के विरुद्ध जाए। वैसे जनता का फैसला 11 फरवरी को ईवीएम में कैद होगा 15 फरवरी को फैसला सामने आएगा तब तक केवल आंकलन ही किया जा सकता है।

## दिल्ली की तर्ज पर सत्ता के साथ जा सकते हैं चिरमिरी वासी

चिरमिरी नगर निगम चुनाव में चिरमिरी के मतदाता सत्ता के साथ जाकर ट्रिपल इंजन सरकार बना सकते हैं इसकी संभावना बढ़ गई है। चिरमिरी को स्थायित्व की जरूरत है और स्थायित्व उसे सत्ता से ही मिल सकता है और चिरमिरी वासी यह जरूर चाहेंगे कि उन्हें उनके शहर को स्थायित्व मिल सके। अब चिरमिरी वासियों का निर्णय अंततः क्या होगा उसका परिणाम 15 फरवरी को सामने आएगा। वैसे दिल्ली की जनता ने अंततः सत्ता केंद्रीय सत्ता के साथ जाकर विकास को चुनने का निर्णय ले सकी वैसा ही चिरमिरी की जनता करे अगर तो आश्चर्य नहीं होगा।




## स्थानीय विधायक साथ ही मंत्री के वादों को पूरा करवाने भाजपा का महापौर चुन सकती है जनता

स्थानीय विधायक साथ ही मंत्री ने कई वादे चिरमिरी के लिए किए हैं। चिरमिरी को स्थायित्व दिलाने उन्होंने रेल मार्ग जिला चिकित्सालय सहित कई घोषणाएं करके उन्हें अमली जामा पहनना भी शुरू कर दिया है अब जनता भी चाहेगी कि वह विधायक साथ ही मंत्री की घोषणाओं को पूरा करवाने उन्हें उनके महापौर प्रत्यासी को जिताकर दे और फिर स्थायित्व और विकास की बात करे मांग करे पुरजोर तरीके से।

## स्थानीय विधायक कैबिनेट मंत्री भी लगे हैं जी जान से,जीते भाजपा प्रत्याशी लगा दी है पूरी ताकत

स्थानीय विधायक साथ ही कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल भी जी जान से लगे हुए हैं प्रचार प्रसार में। वह पूरी ताकत झोंक चुके हैं और वह भाजपा प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए हर स्तर का प्रयास कर रहे हैं।

## पहली बार डबल नहीं ट्रिपल इंजन की सरकार होगीः श्याम बिहारी

क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने विश्वास जाहिर किया कि इसबार चिरमिरी की जनता डबल नहीं ट्रिपल इंजन की सरकार चुनने जा रही है। चिरमिरी के स्थायित्व के लिए यह जरूरी भी है कि राज्य और केंद्र की योजनाओं से चिरमिरी को लाभ मिलता रहे। श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि जनता चिरमिरी की समझदार है और वह दोबारा डॉक्टर विनय के झांसे में नहीं आने वाली। पिछले महापौर का कार्यकाल जनता को याद है और वह अब दोबारा उन्हें मौका नहीं देने वाली जिन्होंने आपदा के दौरान भी अपना अवसर ढूंढा और लाभ कमाया। चिरमिरी का विकास सत्ता के साथ ही संभव है जनता जानती है।

## प्रत्याशी चर्चित नहीं है इसका मतलब यह नहीं कि वह जीत नहीं सकता,भाजपा में हर चेहरा खास हो जाता है

क्षेत्रीय विधायक और मंत्री ने कहा कि यह कहना गलत है कि प्रत्याशी का चेहरा खास नहीं है तो वह जीत नहीं सकता। जितने तो भाजपा के ही प्रत्याशी जा रहे हैं और भाजपा में आम और खास जैसी शब्दावली नहीं होती। भाजपा का आम कार्यकर्ता ही खास बनता है और यही भाजपा की खासियत है। भाजपा का आम प्रत्याशी कल चिरमिरी का महापौर होगा यह मानकर ही भाजपा ने प्रत्याशी तय किया है और यही परिणाम भी आना तय है।

## पूर्व विधायक को किसी पर भी नहीं भरोसा खुद है मैदान में स्कूटी से घूम घूम कर सभी वार्डों में कर रहे हैं मेहनत

वैसे पूर्व विधायक की स्थिति और उनके प्रचार का तरीका देखकर लगता है कि उन्हें किसी पर भरोसा नहीं है और वह इसीलिए खुद अकेले स्कूटी में अपने घुमकर प्रचार कर रहे हैं। पूर्व विधायक लगभग हर वार्ड में अकेले जा रहे हैं और अकेले ही प्रचार कर रहे हैं। उनका प्रचार देखकर लोग यही कहते सुने जा रहे है कि उन्हें अब ऐतबार ही नहीं किसी पर।

## लोकतंत्र के महापर्व का हिस्सा बनिए और मतदान अवश्य करिए : कलेक्टर अजीत वसंत

-संवाददाता-
कोरबा,09 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने कोरबा जिले के सभी मतदाताओं से अपील की है कि नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 में लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होकर अपनी भागीदारी अवश्य सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा है कि मजबूत लोकतंत्र के निर्माण के लिए हर मतदाता का वोट अमूल्य है। मतदान का अवसर एक निश्चित अवधि में मिलता है, इसलिए इस महत्वपूर्ण अवसर को बिना गंवाए नगरीय निकाय के महापौर/अध्यक्ष एवं पार्षद निर्वाचन हेतु 11 फरवरी दिन मंगलवार को मतदान केंद्रों में सुबह 08 बजे से शाम 05 बजे तक अपने मताधिकार का उपयोग करें। कलेक्टर ने मतदाताओं को जागरूक होकर जिले में निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से शांति पूर्ण मतदान की अपील की है। उन्होंने कहा कि सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में प्रत्येक मतदाता का मत अमूल्य है तथा मतदान करना प्रत्येक मतदाता का कर्तव्य है। जब मतदान के लिए जायें तो अपना मतदाता परिचय पत्र (एपिक कार्ड) एवं फोटो युक्त मतदाता पर्ची अवश्य लेकर जायें। मतदान केंद्र में इलेक्ट्रानिक मतदान मशीन के माध्यम से आप अपने पसंद के प्रत्याशी को चुनने के लिए वोट कर सकते हैं। उन्होंने कहा है कि मतदान दिवस के दिन मतदातागण मतदान के लिए समय निकालकर अपने क्षेत्र के लिए निर्धारित मतदान केंद्रों में उपस्थित होकर अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। अपने नगर जिला, राज्य एवं देश की खुशहाली के लिए एवं सशक्त लोकतंत्र के निर्माण के लिए शत प्रतिशत मतदान का होना अपेक्षित है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग सुनिश्चित करने की अपील सभी मतदाताओं से की है।

# छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शासकीय योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए निर्धारित किए गए होर्डिंग बोर्ड पर कब्जा

## जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 की प्रत्याशी ने शासकीय होर्डिंग बोर्ड के स्थान पर कब्जा कर लगाया चुनाव प्रचार वाला पोस्टर

-रवि सिंह-
कोरिया/पटना,09 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।







छत्तीसगढ़ प्रदेश में पिछली कांग्रेस सरकार ने पूरे प्रदेश के प्रत्येक ग्राम पंचायत के प्रमुख चौक चौराहों पर शासकीय योजनाओं के प्रचार प्रसार और उपलब्धियां की जानकारी देने के लिए शासन के स्तर पर होर्डिंग बोर्ड लगाने के लिए खंबे लगवाए थे। जिसमें शासन की उन प्रमुख और महती योजनाओं के जिक्र के बैनर पोस्टर लगाए जाते रहे हैं, जिनका सीधा संबंध आम जनता के लाभान्वित होने से है। इसके अतिरिक्त शासन के कार्यक्रमों की रूपरेखा और उपलब्धि को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरे प्रदेश में इन होर्डिंग बोर्ड के स्थान को सुनिश्चित किया गया था। सरकार बदलने पर कांग्रेस शासन की योजनाओं और उपलब्धियां को हटाकर वर्तमान भाजपा सरकार के द्वारा जनता के हित में किये जा रहे कार्यों के प्रचार प्रसार के लिए इन स्थानों का प्रयोग किया जाता रहा है।

परंतु त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के जनपद पंचायत चुनाव के क्षेत्र क्रमांक 11 से प्रत्याशी और पूर्व जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती आशा साहू ने शासकीय बैनर पोस्टर को हटाकर अपने चुनाव प्रचार वाले बैनर पोस्टर को ग्राम पंचायत चिरगुडा में लगा दिया है। जबकि आचार संहिता में शासकीय स्थानों और शासकीय संपत्ति का प्रयोग चुनावी कार्य के लिए पूरी तरह प्रतिबंधित है। क्योंकि मामला ग्राम पंचायत का है, शायद इसलिए अभी तक निर्वाचन आयोग के अधिकारियों की नजर इस पर नहीं पड़ी है। परंतु पंचायत में पदस्थ सचिव द्वारा भी इसे अनदेखा किया जाना घोर लापरवाही का सूचक है। क्योंकि आचार संहिता में पंचायत की बागडोर पंचायत में पदस्थ सचिवों पर है। वहीं किसी प्रत्याशी द्वारा भी इस प्रकार की कृत्य किया जाना कहीं ना कहीं उनकी गलती को दर्शाता है। अब देखना यह है कि शासन की नीतियों के प्रचार प्रसार के लिए लगाए गए होर्डिंग बोर्ड को अनधिकृत रूप से हटाकर जनपद सदस्य की प्रत्याशी श्रीमती आशा साहू द्वारा अपने चुनाव प्रचार के लिए लगाए गए बैनर पोस्टर पर निर्वाचन अधिकारी क्या कार्यवाही करते हैं।

## नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को देखते हुए 24 घंटे में 41 अपराधियों को भेजा गया जेल



-संवाददाता-
कोरबा,09 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी (भा.पु.से.) के निर्देश पर जिले के सभी थाना, चौकी व पुलिस इकाइयों द्वारा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक चुनाव सुनिश्चित कराने हेतु ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई। विभिन्न न्यायालयों द्वारा जारी स्थायी एवं गिरफ्तारी वारंटों की तामीली हेतु पूरे जिले में विशेष अभियान चलाया गया, जिसके तहत 12 स्थायी और 32 गिरफ्तारी सहित कुल 44 वारंट तामील किए गए। गिरफ्तार किए गए 41 वारंटियों को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, वहीं 3 वारंटियों के मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त कर तामीली कार्रवाई पूरी की गई। इस कार्रवाई में प्रमुख रूप से उरगा थाना द्वारा 8, कुसमुंडा 7, बालको 5, एवं अन्य 21 वारंट अन्य थानों द्वारा तामील किए गए। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने कहा कि आदतन अपराधियों पर कार्रवाई और अधिक सघनता से जारी रहेगी, ताकि जिले में स्वतंत्र, निर्भीक एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराया जा सके।

# शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से चुनाव संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधिकारी व जवानों ने किया फ्लैग मार्च

-संवाददाता-
सूरजपुर,09 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

जिले में 11 फरवरी को होने वाले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर पुलिस ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देशन में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और आम जनता में विश्वास जगाने के लिए आज नगर पालिका एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में पुलिस का फ्लैग मार्च निकाला गया।

जिला मुख्यालय में सीएसपी एस.एस.पैंकरा के नेतृत्व में थाना सूरजपुर से फ्लैग मार्च निकाला गया, जिसमें एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैंकरा, डीएसपी अनूप एक्का, थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, थाना प्रभारी विश्रामपुर अलरिक लकड़ा और थाना व पुलिस लाईन के बल शामिल रहा। पैदल पेट्रोलिंग के जरिए पुलिस बल ने पूरे शहर में भ्रमण कर आमजन को आश्वस्त किया कि वे निर्भीक होकर मतदान करें और किसी भी तरह के डर या प्रभाव में न आएं। नगर पालिका व नगर पंचायत क्षेत्र में पुलिस ने रहवासियों को फ्लैग मार्च के जरिए शांति और सुरक्षा का अहसास कराया। यह फ्लैग मार्च थाना सूरजपुर से प्रारंभ होकर नेहरू पार्क रोड़, भैयाथान रोड़, मनेन्द्रगढ़ रोड़ सहित सभी वार्डों तथा थाना विश्रामपुर में मुख्य मार्ग, एसईसीएल कालोनी क्षेत्र सहित सभी वार्डों में फ्लैग मार्च किया गया।



एसडीओपी प्रतापपुर सौरभ उईके व एसडीएम ललिता भगत के नेतृत्व में फ्लैग मार्च एसडीएम कार्यालय प्रतापपुर से प्रारंभ हुआ जिसमें थाना प्रभारी प्रतापपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे सहित पुलिस अधिकारी व जवानों के द्वारा थाना चौक, राजघराना चौक, पुराना बस स्टेण्ड, बाबापारा, कालेज चौक, कदमपारा, शांतीनगर में फ्लैग मार्च किया गया। इसी प्रकार डीएसपी रितेश चौधरी के नेतृत्व में थाना भटगांव क्षेत्र व जरही क्षेत्र में थाना प्रभारी भटगांव सरफराज फिरदौसी सहित पुलिस के अधिकारी व जवानों के द्वारा भटगांव, जरही के मुख्य मार्ग, उर्जानगर, शक्तिनगर में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। पुलिस की इस सख्त उपस्थिति ने मतदाताओं को निडर होकर मतदान करने का संदेश दिया और अराजक तत्वों को सख्त चेतावनी दी कि कानून व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। पुलिस प्रशासन की इस व्यापक रणनीति से जिले में सुरक्षा का माहौल और मजबूत हुआ है, पुलिस हर गतिविधियों पर निगाह रखे हुए है, कानून व्यवस्था भंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जावेगी।

# क्या 50 साल से अधिक का सामाजिक व धार्मिक पटना मस्जिद के पास का जमीन विवाद प्रथम नगरीय निकाय चुनाव में सुलझ जाएगा?

## क्या विवाद को सुलझाने के लिए मुस्लिम समाज अपने समाज के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी का साथ देगा?

## वैसे ऐसी अफवाह फैली हुई है कि धार्मिक व सामाजिक वर्षो पुरानी मस्जिद के पास का जमीन विवाद सुलझ गया है पर अभी तक अधिकृत बयान किसी का नहीं आया है

## क्या विवाद सुलझने से कांग्रेस को होगा नुकसान और मुस्लिम प्रत्याशी को मिलेगा इसका लाभ?

## यदि विवाद सुलझता है तो क्या यह चुनाव होगा उसका चश्मदीद गवाह?

## यदि पुराना विवाद मुस्लिम समाज का सुलझता है तो पटना का प्रथम नगर पंचायत चुनाव हमेशा याद रखा जाएगा

### अफवाह फैलने के बाद भी मुस्लिम समाज का कोई भी अधिकृत बयान आया नहीं

पटना का कई दशकों पुराना मस्जिद जमीन विवाद सुलझा लिया गया है यह बात अभी जनचर्चा का विषय है पटना में...वैसे इस बात की सच्चाई का पता अभी तक इसलिए नहीं चल पा रहा है क्योंकि बताया जा रहा है कि मुस्लिम पक्ष का कोई अधिकृत बयान इसको लेकर नहीं सामने आया है। वैसे मुस्लिम समुदाय मस्जिद मामले में खासकर जमीन मामले में समझौता कर सकता है यदि सौहार्दपूर्ण माहौल में सब तय होगा ऐसा भी सूत्रों का कहना है।

### गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के समर्थित अध्यक्ष प्रत्याशी के पति ने इसे बताया अफवाह

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के समर्थित प्रत्याशी के पति ने इसे अपवाह बताया। उनका कहना है कि मस्जिद विवाद सुलझा लिया गया है चुनाव के दरम्यान यह बात केवल अफवाह मात्र है। उनका कहना है कि यदि ऐसा कुछ होता और कोई समझौता हुआ होता निश्चित ही बात उजागर हुई होती और ऐसा मानकर चलना गलत है।

### हिंदू मतदाता जातियों में और आपसी वर्चस्व में उलझे रह गए?

क्या यह जनचर्चा सही है कि हिन्दू मतदाता आपस में ही उलझ कर जातियों में बंटकर रह गए हैं?अब इसको लेकर भी कुछ कहना अभी जल्दबाजी होगी वैसे यदि मुस्लिम मतदाता एकजुट हुए और उनका ध्रुवीकरण सही मायने में हुआ निश्चित ही हिन्दू मतों का भी ध्रुवीकरण होगा। वैसे हिन्दुओं को लेकर उनकी एकता एकजुटता को लेकर यह कहना जल्दबाजी होगी कि वह एकजुट होंगे या एकपक्ष में जाकर वह मतदान करेंगे।

### आज हो सकती है समझौते को लेकर न्यायालयीन कार्यवाही:सूत्र

आज बताया जा रहा है कि मस्जिद विवाद को सुलझाया जायेगा और न्यायालय में बयान दर्ज होगा। वैसे यह सूत्रों का दावा है घटती घटना की पुष्टि न मानी जाए वहीं बताया जा रहा है कि आज न्यायालय की कार्यवाही बयान दर्ज होने वाली के बाद मस्जिद विवाद इस शर्त पर खत्म हो जाएगा कि मुस्लिम प्रत्याशी अध्यक्ष पद के को ही मुस्लिम मतदाता मतदान करेंगे।



-रवि सिंह-
कोरिया/पटना,09 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

नवीन नगर पंचायत पटना चुनाव के दौरान इस समय एक बात बहुत तेजी से फैल रही है कि मुस्लिम समाज के एक निर्दलीय प्रत्याशी के लिए वर्षों पुराना मस्जिद के पास का जमीन विवाद मुस्लिम समाज के द्वारा आपस में सुलझा लिया गया है, अब यह अफवाह है या फिर चुनावी रणनीति यह तो अंदरखाने की बात है, पर इस मामले में अभी तक कोई भी मुस्लिम समाज के द्वारा अधिकृत बयान नहीं आया है जिस वजह से इस मामले को अफवाह का नाम भी दिया जा रहा है, पर वही अंदरखाने में यह सारी बात हो गई है यह भी सूत्रों का दावा है। वैसे यदि यह बात सही है तो फिर पटना का प्रथम नगर पंचायत चुनाव इस मुद्दे के लिए हमेशा याद रखा जाएगा, जहां लंबे समय से यह विवाद सुलझ नहीं पा रहा था जो मुस्लिम समाज और एक मुस्लिम परिवार के बीच का था, वहीं प्रथम नगर पंचायत पटना चुनाव में अपने ही समाज के प्रत्याशी को समर्थन देने के लिए पूरा समाज मिलकर इस मामले को सुलझा लिया है तो अच्छा ही है, कम से कम यह चुनाव कुछ तो अच्छा करके दिखा रहा है, वैसे भी मामला एक समाज व धर्म से जुड़ा हुआ था जिसके लिए यह चुनाव हमेशा याद रखा जाएगा, इसका नुकसान सिर्फ किसी को हो रहा है तो राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस को हो रहा है पर वही समाज के लिए यह एक अच्छा संदेश भी जा सकता है, क्योंकि मामला एक समाज के धर्म से जुड़ा हुआ है इसलिए इसमें कोई बुराई भी नहीं मानी जा रही, अब यह मामला कब साफ होगा इसका तो पता नहीं पर परिणाम यदि कांग्रेस के हाथ से खिसकता है और मुस्लिम समाज के प्रत्याशी की तरफ जाता है तो यह बात तय हो जाएगी कि मामला मस्जिद वाला विवाद का अंदरखाने से खत्म हो चुका है।

### ये है फैली हुई अफवाह

पटना नगर पंचायत चुनाव अब काफी रोचक होता जा रहा है। नगर पंचायत के लिए पहली बार हो रहे चुनाव के प्रचार का अब अंतिम दौर है और इसी दौरान सूत्रों के हवाले से बड़ी खबर यह निकलकर आ रही है कि मुस्लिम प्रत्याशी को अध्यक्ष पद में जीत दिलाने के लिए मुस्लिमों ने आपस में एक 50 साल से पुराना मस्जिद जमीन विवाद सुलझा लिया है जिसमें मुस्लिम पक्ष से प्रत्याशी का ही पटना के सभी मुस्लिमों से विरोध था क्योंकि प्रत्याशी परिवार मस्जिद की जमीन पर 50 साल से मस्जिद को पूर्ण आकार नहीं लेने दे रहा था। अब पटना में जहां मुस्लिम वोटो का ध्रुवीकरण तय हो गया वहीं अब कांग्रेस को इसका नुकसान होना भी तय है क्योंकि मुस्लिम समुदाय का वोट कांग्रेस को जाता यदि ऐसा कोई मामला सामने न होता वहीं माना यह जा रहा है सूत्रों का दावा भी है कि मुस्लिम समुदाय ने प्रथम नगर पंचायत अध्यक्ष मुस्लिम प्रत्याशी हो यह ठान लिया है वहीं इसकी सत्यता की पुष्टि दैनिक घटती घटना नहीं करता यह केवल सूत्रों का दावा है।

### क्या हिंदू मुस्लिम करने का है राजनीतिक प्रयास?

वहीं हिन्दू वोटों का बंटना भी तय है और लगभग यह माना जा रहा है कि मुस्लिम पक्ष अपने विवाद के सुलझाने की बात को बाहर नहीं आने देना चाहता है जिससे मुस्लिम प्रत्याशी की जीत दर्ज हो सके। बता दें कि पटना में मुस्लिम मतदाता निर्णायक स्थिति में नहीं हैं लेकिन यदि उनका ध्रुवीकरण हुआ एकतरफा तो हिन्दू मतदाताओं का अलग अलग बंटकर मतदान करना मुस्लिम प्रत्याशी के लिए फायदेमंद होगा। वैसे चुनाव में भाजपा प्रत्याशी काफी मजबूत हैं वहीं वह काफी अनुभवी हैं चुनाव मामले में लेकिन मुस्लिम ध्रुवीकरण उनके लिए भी खतरा बन सकता है। वैसे हिंदू मतदाताओं का ध्रुवीकरण दिल्ली के चुनाव में एकतरफा हुआ और जातियों में वह नहीं बटा तब भाजपा प्रत्याशी बड़ी जीत दर्ज कर सकती हैं। कुल मिलाकर अब ध्रुवीकरण का खेल जारी है और देखना है कि केवल मुस्लिम मतदाता एकजुट होते हैं या हिंदू मतदाता भी अपनी एकता उजागर करते हैं?

### क्या है 50 साल पुराना मस्जिद विवाद मामला?

पटना में 50 सालो पुराना मस्जिद विवाद क्या है को लेकर जब जानने की कोशिश की गई तब पता चला कि जिस परिवार से अध्यक्ष पद की निर्दलीय प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं उस परिवार की जमीन मस्जिद से लगी हुई जमीन है और कुछ हिस्सा मस्जिद का भी उनकी ही जमीन पर है जिसमें निस्तार की भी जमीन शामिल है जहां से निस्तार अभी बंद है और इस विवाद को आपस में सुलझाया गया है मुस्लिम पक्षों द्वारा यह बताया जा रहा है या ऐसा हल्ला है।

### क्या मुस्लिम समाज के प्रत्याशी की तरफ पूरे समाज का जाना कांग्रेस के लिए नुकसानदायक होगा?

मस्जिद विवाद सुलझने के बाद अब मुस्लिम अध्यक्ष पद प्रत्यासी को मुस्लिम वोटो का मिलना तय नजर आ रहा है यदि इस बात में सच्चाई है वहीं सवाल यह उठता है कि क्या फिर कांग्रेस को नुकसान होने वाला है। कांग्रेस के प्रति मुस्लिम समुदाय का झुकाव ज्यादा रहता है और यदि निर्दलीय प्रत्याशी के पक्ष में मुस्लिम मतदाता जाते हैं तो यह माना जाएगा कि नुकसान कांग्रेस प्रत्याशी को ही होगा।

# पटना नगरी निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस ने रैली के साथ दिखाया दमखम,पर क्या चुनाव में कांग्रेस हो गई विलंब?

**प्रचार खत्म होने से एक दिन पहले कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन क्या कांग्रेस प्रत्याशी के लिए जीत की राह करेगा आसान?**

**आम सभा से कांग्रेसी दिग्गजों ने लगाए दहाड़ पर इस दहाड़ से क्या मिल पाएगा कांग्रेस को जीत?**





-रवि सिंह-
कोरिया/पटना,09 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

प्रथम नगरी निकाय चुनाव को लेकर विपक्षी पार्टी कांग्रेस की सक्रियता पर सवाल उठने लगा है, प्रत्याशी तय करने से लेकर प्रत्याशी के जीत दिलाने व उसके प्रचार प्रसार में भी वह पीछे ही दिखाई दिए, अब देखना यह है कि परिणाम में आगे निकल पाते है या नहीं? ठीक चुनाव के प्रचार समाप्ति के दिन व मतदान से दो दिन पहले रविवार को कांग्रेस ने रैली निकाला और अपना शक्ति प्रदर्शन करके दिखाया, शक्ति प्रदर्शन की जो भीड़ थी वह नगर पंचायत चुनाव के दृष्टिकोण से ठीक-ठाक थी, यह नहीं कहा जा सकता कि कम थी या फिर यह नहीं कहा जा सकता कि ज्यादा थी, पर जो भी था ठीक-ठाक थी, मंचों से वरिष्ठ कांग्रेसियों ने दहाड़ा भी और सत्ता को घेरने का प्रयास भी किया पर अंतिम समय में यह प्रयास कितना कारगर होता है कांग्रेस प्रत्याशी के लिए यह तो अब परिणाम के दिन ही पता चलेगा, पर जहां चर्चाओं की बात करें तो लोगों का यही कहना है कि कांग्रेस विलंब से हर आयोजन कर रही है, जिसका कांग्रेस को नुकसान भी हो सकता है चुनाव मैनेजमेंट कांग्रेस उसे तरह के से नहीं कर पा रही जिस तरीके से सत्ता पक्ष पर आसीन भाजपा कर रही हैं।

रविवार को कांग्रेस की रैली निकल गई और अपने प्रत्याशी के लिए लोगों से मत मांगा गया और जीतने की अपील की गई है, रैली की भीड़ जो कुछ भी कह रही हो पर जिस समय पर ऐसी रैलियां आयोजित की गई वह समय शायद विलंब से हुआ, यह चर्चा का विषय बना रहा, वहीं अंतिम समय में कांग्रेस का अपने प्रत्याशी के लिए पूरी शक्ति झुकाना क्या परिणाम को बदल पाएगा? यह देखने वाली बात होगी पर रैली के बाद आम सभा के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसियों ने सत्ता पर हमला तो किया और उनकी कमियों को भी गिनवाया, पर इस बीच यह सब कांग्रेस प्रत्याशी के लिए कितना कारगर होगा यह अभी से कह पान गलत होगा। वैसे लड़ाई अभी तक बीजेपी कांग्रेस के प्रत्याशियों के बीच ही मानी जा रही है पर निर्दलीय प्रत्याशी भी समीकरण बिगड़ना में पीछे नहीं है। प्रचार थम चुका है और अब डोर टू डोर के लिए एक दिन का समय बचा हुआ है ऐसे में कांग्रेस कितने दमखम के साथ अपने प्रत्याशी को डोर टू डोर पहुंचकर जीत दिला पाती है? यह भी अब बड़ा सवाल है चुनावी कैंपियन में कांग्रेस कहीं ना कहीं काफी पीछे रह गई ऐसा माना जा रहा है, जिस प्रकार से कैंपेनिंग होनी थी वह कैंपेनिंग नहीं देखी, वह रणनीति वह जुझारु पर नहीं दिखा सब टिकट वितरण के बाद छितिर बितिर की स्थिति हो गई।

# क्या निर्वाचन प्रक्रिया को सही तरीके से संचालित करने वाले सही तरीके से नहीं निभा पा रहे जिम्मेदारी?

**निर्वाचन प्रक्रिया में देखी जा रही है कई सारी त्रुटियां**

**आरक्षण प्रक्रिया को भी नजरअंदाज करके प्रत्याशियों का हो रहा चयन?**

**ग्राम पंचायत के दो वार्ड पांच प्रत्याशी कर लेते नाम वापसी,उसके बाद दूसरा व्यक्ति फिर जाकर दोबारा फॉर्म भर के निर्विरोध बन जाता है पंचःसूत्र**

**नाम वापसी से लेकर आरक्षण प्रक्रिया में चुनाव में लगा दल क्या नहीं कर पा रहा सही ढंग से कार्य...कैसे त्रुटि की बात आ रही सामने?**

**पंचायत निर्वाचन आयोग की गड़बड़ी आई सामने...जनपद पंचायत बैकुंठपुर के चिरगुड़ा पंचायत का मामला**

-रवि सिंह-
कोरिया 09 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।




त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होना है जिसे लेकर निर्वाचन सभी को जागरुक कर रहा है कि अधिक से अधिक मतदान पर मतदान के बीच निर्वाचन के कार्यों में लगे अधिकारियों की गड़बड़ी है भी सामने आ रही है, जिसे शायद नजरअंदाज किया जा रहा है, 23 जनवरी पंचायत चुनाव होने को है, वहीं निर्वाचन आयोग की गड़बड़ी कहें या फिर साजिश, उनके कारनामे से निर्वाचन आयोग संदेह के घेरे में नजर आ रहा है। एक ऐसा ही मामला सामने आया है जहां ग्राम पंचायत चिरगुड़ा में वार्ड न 01 और 07 में निर्विरोध पंच की घोषणा होने से ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिल रहा। क्योंकि जब दोनों ही वार्डो में आवेदन दिए दोनों अभ्यर्थियों ने पटना तहसील स्थित पंचायत निर्वाचन केंद्र में आवेदन वापसी लेने के अंतिम दिन स्वेच्छा से ग्रामीणों के उपस्थिति में दोनों वार्ड के सभी प्रत्याशियों ने अपना आवेदन वापस लिया व एक ने प्रस्ताव अपने प्रत्याशी के कहने पर वापसी का आवेदन दिया। चारों का आवेदन स्वीकार भी हो गया। जिसका नतीजा यह होता कि वह वार्ड निरंक जाता, फिर किसके दबाव में वार्ड 01 व 07 में पूर्व सरपंच के एक ही परिवार से दोनों पंच निर्विरोध हो गए। जिसे लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। निर्वाचन में लगे अधिकारी की भूमिका भी संदिग्ध हैं, जो कि जांच का विषय है। क्योंकि इसी पंचायत में वार्ड नंबर 12 जो कि अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित है, जहां एक पिछड़ा वर्ग के व्यक्ति को पंच हेतु पंचायत रिटर्निंग अधिकारी के हस्ताक्षर युक्त सूची में नाम आया। जिसकी शिकायत पर बाद में सुधारे जाने की बात कही जा रही। जबकि यह सूची सोशल मीडिया में सुर्खियां बटोर रही है। सबसे बड़ी बात यह है कि आरक्षित वार्ड में अनारक्षित वर्ग का प्रत्याशी ने जब वार्ड पंच के लिए फॉर्म भरा तो उसका फॉर्म तत्काल निरस्त किया जाना था। परंतु अंतिम स्क्रुटनी के बाद और नाम वापसी के बाद उसे पंचायत प्रत्याशी के रूप में दर्शाया गया है, जो घोर लापरवाही का सूचक है। यह खबर सूत्रों से मिली जानकारी पर तयार किया गया इसकी सत्यता की पुष्टि दैनिक घटती घटना नहीं करता यह केवल सूत्रों का दावा है।

### निर्वाचन आयोग के लापवाही से पूरे पांच साल लोगो को भुगतना पड़ेगा खामियाजा?

चिरगुड़ा के पूर्व उप सरपंच रहे जागेश्वर राजवाड़े ने बताया कि निर्वाचन में बैठे अधिकारी भी कुछ प्रभावशील लोगों के प्रभाव में आकर एसा काम कर रहे हैं। वार्ड 07 व 01 में ग्रामीणों के उपस्थिति में चारों प्रत्याशियों की आपसी सहमति बनी और सभी ने नाम वापसी का आवेदन दिया, जो स्वीकार हुआ। फिर सारी कार्रवाई पूरी होने के बाद जो अंतिम सूची आई उसमें नाम वापसी वाले वार्डों में दो पंच निर्विरोध कैसे चुने गए? यह एक बड़ा सवाल है या फिर पंचायत निर्वाचन में संलग्न कर्मचारी की मिलीभगत का परिणाम है।

### पूर्व सरपंच पति पर लगा गड़बड़ी का आरोप

पूर्व सरपंच रह चुके सरपंच पति लालबहादुर सिंह जिनके परिवार के ही सदस्य वार्ड 01 व 07 में नाम वापसी के बाद भी पंच निर्विरोध होने की सूची वायरल होने पर ग्रामीणों ने गड़बड़ी करने का आरोप लगाया, क्यों कि इनके द्वारा वापसी पर्ची ग्रामीणों के द्वारा मांगने पर उसे फाड़ देने का हवाला देकर उच्च अधिकारी से जानकारी लेने का जिक्र किया गया। अब ये उच्च अधिकारी कौन हैं, इसे लेकर सवाल उठना लाजमी हैं।

## मुंबई इंडियंस ने फ्रेंचाइजी लीग में जीती 11 वीं ट्रॉफी




### प्राइज मनी में मिले करोड़ों रुपये

**नईदिल्ली,09 फरवरी 2025।** मुंबई इंडियंस का एक बार फिर बोलबाला देखने को मिला, जब उन्होंने एसए 20 लीग के फाइनल मुकाबले में सनराइजर्स ईस्टर्न केप को हराकर खिताबी जीत दर्ज कर ली। मुंबई को इस खिताबी जीत के लिए करोड़ों रुपये की प्राइज मनी मिली। 2008 में शुरू हुई आईपीएल की तर्ज पर अब दुनियाभर में टी-20 लीग खेली जाती हैं। जहां, आईपीएल के कई मालिकों ने फ्रेंचाइजी खरीदी हुई हैं। एसए20 लीग में मुंबई इंडियंस ने भी हिस्सा लिया, जहां मुंबई इंडियंस ने खिताबी जीत दर्ज की। आपको बता दें, ये मुंबई की कुल 11वीं ट्रॉफी रही. जी हां, एमआई दुनियाभर की फ्रेंचाइजी लीगों में ना केवल हिस्सा ले रही है बल्कि खिताबी जीत भी दर्ज कर रही है. जहां, 5 ट्रॉफी आईपीएल में जीती है, 2 चैंपियंस लीग, 1 डब्ल्यूपीएल, 1 एमएलसी और आईएटी में जीती है।

# रिप्लेसमेंट खिलाड़ी के नाम का हुआ ऐलान



**» सिर्फ 2 इंटरनेशनल मैच खेलने वाले प्लेयर को मिली जगह**

**मुलतान,09 फरवरी 2025।** पाकिस्तान की मेजबानी में 19 फरवरी से आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज होगा जिसको लेकर इसमें हिस्सा लेने वाली सभी 8 टीमों ने अपनी स्क्वाड का ऐलान पिछले महीने ही कर दिया था। वहीं अब कुछ टीमों के स्क्वाड में बदलाव भी देखने को मिल रहा है जिसमें साउथ अफ्रीका का नाम भी जुड़ गया है जिन्होंने चोटिल तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्खिया को रिप्लेस करने वाले खिलाड़ी के नाम का ऐलान किया है। अफ्रीका की टीम पाकिस्तान पहुंच चुकी है, जिसमें वह चैंपियंस ट्रॉफी से पहले वहां पर खेली जा रही ट्राई सीरीज में मुकाबले खेलेगी।

### कॉर्बिन बॉश को किया गया नॉर्खिया की जगह शामिल

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए साउथ अफ्रीका की 15 सदस्यीय स्क्वाड में एनरिक नॉर्खिया की जगह पर 30 साल के तेज गेंदबाज कॉर्बिन बॉश को शामिल किया गया है, जिन्होंने अब सिर्फ 2 ही इंटरनेशनल मुकाबले खेले हैं। एनरिक नॉर्खिया ने बैक इंजरी के चलते इस टूर्नामेंट से अपना नाम वापस लिया है। वहीं बॉश ने साल 2024 दिसंबर महीने में ही इंटरनेशनल क्रिकेट में अपना डेब्यू किया था जिसमें उन्होंने एक वनडे और एक टेस्ट मैच अब तक खेला है। बॉश ने टेस्ट में जहां 5 तो वहीं वनडे में एक विकेट हासिल किया है। इसके अलावा बल्ले से भी वह कमाल दिखाने में सक्षम हैं। कॉर्बिन बॉश ने लिस्ट-ए क्रिकेट में अब तक 55 मुकाबले खेले हैं, जिसमें उन्होंने बल्ले से 547 रन बनाने के साथ गेंद से 38 विकेट भी हासिल किए हैं।

### क्वेना मफाका को ट्रेवलिंग रिजर्व के तौर पर मिली जगह

साउथ अफ्रीका की टीम ने कॉर्बिन बॉश को जहां रिप्लेसमेंट खिलाड़ी के तौर पर शामिल किया है तो वहीं क्वेना मफाका को ट्रेवलिंग रिजर्व प्लेयर के तौर पर टीम में जगह दी है। ये दोनों ही तेज गेंदबाज और बल्लेबाज टोनी डी जोर्जी 9 फरवरी को पाकिस्तान के लिए रवाना होंगे ताकी वहां पर मौजूद टीम के साथ जुड़ सके। अफ्रीका की टीम को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में अपना पहला मुकाबला 21 फरवरी को अफगानिस्तान के खिलाफ जबकि 25 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तो वहीं एक मार्च को इंग्लैंड की टीम के खिलाफ मुकाबला खेलना है।

### चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए साउथ अफ्रीका टीम का स्क्वॉयड

टेम्बा बावुमा (कप्तान), कॉर्बिन बॉश, टोनी डी जोर्जी, मार्को यानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडन मात्क्ररम, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, लुंगी एन्गिडी, कगिसो रबाडा, रयान रिकेलटन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स, रासी वैन डेर डुसेन। ट्रेवलिंग रिजर्व प्लेयर- क्वेना मफाका

# रोहित शर्मा ने दूसरे ओडीआई में उतरते ही रचा इतिहास

**» कप्तान के रुप में किया यह बड़ा कारनामा**



**कटक,09 फरवरी 2025।** भारत और इंग्लैंड के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज जारी है। भारत और इंग्लैंड का दूसरे वनडे मैच में आमना-सामना हो रहा है। कटक में खेले जा रहे इस दूसरे वनडे मैच में इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारत ने प्लेइंग इलेवन में दो बदलाव करते हुए सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और कुलदीप यादव की जगह विराट कोहली और वरुण चक्रवर्ती को मौका दिया। कोहली चोट के कारण पहले वनडे मुकाबले में नहीं खेल पाए थे। कुलदीप को आराम दिया गया है जिससे चक्रवर्ती को डेब्यू का मौका मिला। इंग्लैंड ने भी तीन बदलाव करते हुए मार्क वुड, जेमी ओवरटन और गस एटकिंसन को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया। हला वनडे मैच नागपुर में खेला गया था जिसमें टीम इंडिया ने 4 विकेट से जीत दर्ज करते हुए सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई थी। अब रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया के पास सीरीज में अजेय बढ़त बनाने का मौका है। इससे पहले रोहित शर्मा ने टॉस के लिए मैदान में उतरने के साथ ही इतिहास रच दिया। दरअसल, रोहित शर्मा आज यानी 9 फरवरी को वनडे में बतौर कप्तान अपना 50वां मैच खेल रहे हैं। वनडे क्रिकेट में भारत की 50 या उससे ज्यादा मैचों में कप्तानी करने वाले वह 8वें भारतीय कप्तान हैं। भारत की ओर से सबसे ज्यादा वनडे मैचों में कप्तानी करने का रिकॉर्ड महेंद्र सिंह धोनी के नाम दर्ज है। धोनी ने वनडे में 200 मैचों में भारतीय टीम की कप्तानी की थी। दूसरे नंबर पर मोहम्मद अजहरुद्दीन हैं। अजहरुद्दीन ने 174 वनडे मैचों में भारत की कप्तानी की थी। 147 वनडे मैचों के साथ सौरव गांगुली तीसरे स्थान पर हैं।

### दोनों टीमों की प्लेइंग इलेवन इस प्रकार है...

**भारतीय टीम की प्लेइंग 11:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, रवींद्र जडेजा, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, वरुण चक्रवर्ती।

**इंग्लैंड की प्लेइंग 11:** फिलिप साल्ट विकेटकीपर), बेन डकेट, जो रूट, हैरी ब्रूक, जोस बटलर (कप्तान), लियम लविंगस्टन, जेमी ओवरटन, गस एटकिंसन, आदिल रशीद, मार्क वुड, साकिब महमूद।

# पीवी सिंधु नहीं लेंगी बैडमिंटन एशिया मिक्सड टीम चैंपियनशिप 2025 में हिस्सा



### चोट के चलते लिया बाहर रहने का फैसला

**नईदिल्ली,09 फरवरी 2025।** चीन के किंगदाओ में 11 से 16 फरवरी तक बैडमिंटन एशिया मिक्सड टीम चैंपियनशिप 2025 का आयोजन होगा, जिसमें भारतीय बैडमिंटन टीम भी हिस्सा ले रही है, लेकिन टूर्नामेंट के लिए रवाना होने से पहले ही उन्हें एक बड़ा झटका लगा। बैडमिंटन एशिया मिक्सड टीम चैंपियनशिप के लिए घोषित हुई टीम इंडिया में स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधु का नाम भी शामिल था जिन्होंने रवाना होने से ठीक पहले टूर्नामेंट से अपना नाम वापस लेने का फैसला किया है। पीवी सिंधु ने इस बात की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए दी। सिंधु ने ये फैसला चोटिल होने की वजह से लिया है।

## लाहौर में पाकिस्तान को मिली करारी हार




### चैंपियंस ट्रॉफी से पहले सामने आई टीम की असलियत

**नईदिल्ली,09 फरवरी 2025।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले पाकिस्तान की टीम को लाहौर के मैदान पर करारी हार का सामना करना पड़ा है। न्यूजीलैंड के साथ खेले गए मुकाबले में मेजबानों को 78 रनों से हार का सामना करना पड़ा। इस हार से फैंस पाकिस्तान की टीम की तैयारियों का जायजा लगा सकते हैं कि वह होम एडवांटेज होने के बावजूद कीवी टीम से हार गई। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की शुरुआत 19 फरवरी से होने वाली है, लेकिन इससे पहले मेजबान पाकिस्तान टीम ने मास्टरप्लान बनाया और न्यूजीलैंड-साउथ अफ्रीकी टीमों को ट्राई सीरीज खेलने के लिए बुलाया। इस वनडे सीरीज के जरिए तीनों ही टीमें मेगा इवेंट की तैयारियां करना चाहती होंगी, लेकिन पाकिस्तान को पहले ही मैच में न्यूजीलैंड ने हरा दिया। पाक के लिए ये हार चुभने वाली है, क्योंकि लाहौर के मैदान पर घरेलू दर्शकों से सामने उसे इस हार का सामना करना पड़ा।



# डब्ल्यूटीसी के इतिहास में टूटा टीम इंडिया का बड़ा रिकॉर्ड

### ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को मात देने के साथ कर दिया ये कारनामा

**मेलबर्न,09 फरवरी 2025।** वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में 2023-25 के इतिहास में ऑस्ट्रेलियाई टीम का दबदबा श्रीलंका में भी देखने को मिला जिसमें उन्होंने स्टीव स्मिथ की कप्तानी में 2 मैचों की टेस्ट सीरीज को क्लीन स्वीप करने के साथ डब्ल्यूटीसी के इतिहास में टीम इंडिया के एक बड़े रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। इस टेस्ट सीरीज के दोनों ही मुकाबले गॉल के स्टेडियम में खेले गए जिसमें पहले मैच को ऑस्ट्रेलियाई टीम ने जहां पारी और 242 रनों से अपने नाम किया तो वहीं दूसरे मैच को वह 9 विकेट से जीतने में कामयाब रही। ऑस्ट्रेलियाई टीम को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 का अभी फाइनल मुकाबला जून के महीने में साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेलना है और उससे पहले ही उन्होंने डब्ल्यूटीसी के एक साइकल में सबसे ज्यादा मैच जीतने के भारतीय टीम के रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

### ऑस्ट्रेलिया ने 14 साल बाद जीती श्रीलंका में सीरीज

श्रीलंका के खिलाफ गॉल के स्टेडियम में खेले गए दूसरे टेस्ट को 9 विकेट से अपने नाम करने के साथ ऑस्ट्रेलियाई टीम 14 साल के बाद श्रीलंका में टेस्ट सीरीज को अपने नाम करने में कामयाब रही। अब कंगारू टीम को श्रीलंका में 2 मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है जिसके बाद वह चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में हिस्सा लेने जाएगी।

# राजस्थान रॉयल्स ने नीलामी से खरीदे 3 ऐसे घरेलू खिलाड़ी,जिनका फॉर्म है शानदार



**नईदिल्ली,09 फरवरी 2025।** आईपीएल 2025 के लिए राजस्थान रॉयल्स ने एक बहुत ही मजबूत टीम तैयार की है, जिसकी कमान एक बार फिर संजू सैमसन संभालने वाले हैं लेकिन, नीलामी से फ्रेंचाइजी ने कुछ ऐसे खिलाड़ियों को खरीदा है, जो भले ही इंटरनेशनल क्रिकेट में बड़ा नाम ना बन सके हो, लेकिन उन्होंने घरेलू क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। मुंबई इंडियंस की खोज में अब आकाश मधवाल भी शामिल हो गए हैं. आकाश ने अपने प्रदर्शन से ना केवल टीम बल्कि हर किसी को इम्प्रेस किया. 2023 में उन्होंने 8 मैचों में 8.58 की इकॉनमी रेट से 14 विकेट लिए. पिछले साल उन्होंने केवल 5 मैच खेले और महंगे रहे। हालांकि, उसके बारे में पसंद करने लायक बहुत कुछ है। मधवाल ना केवल स्पीड में कमांड रखते हैं बल्कि वह यॉर्कर फेंकने में भी माहिर हैं. वह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में उत्तराखंड के लिए टॉप विकेट लेने वाले गेंदबाज थे, उन्होंने 5 मैचों में 8.73 की औसत से 8 विकेट लिए। तुषार देशपांडे को इंटरनेशनल दर्जा प्राप्त है लेकिन उन्होंने केवल 2 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। दाएं हाथ का ये तेज गेंदबाज पिछले 2 सीजन से चेन्नई सुपर किंग्स के लिए लगातार गेंदबाजी कर रहा था। देशपांडे ने 2023 में 16 मैचों में 9.92 की इकॉनमी रेट से 21 विकेट लिए और इसके बाद आईपीएल 2024 में 8.83 आरपीओ पर 17 विकेट लिए। राजस्थान रॉयल्स ने तुषार को खरीदने के लिए नीलामी में 6 करोड़ 50 लाख रुपये खर्च किए. आईपीएल 2025 में जोफ्रा आर्चर और संदीप शर्मा के साथ पेस अटैक को मजबूती देते नजर आएंगे। कुमार कार्तिकेय आईपीएल 2022 सीजन की खोज में से एक थे. वह बाएं हाथ के ऑर्थोडॉक्स रिस्ट स्पिनर हैं. कई क्रिकेट एक्सपर्ट्स ने माना है कि इस तरह का टैलेंट कम ही देखने को मिलता है। उन्होंने दो सीजन में मुंबई इंडियंस के लिए 12 मैच खेले लेकिन पर्याप्त प्रभाव नहीं डाल सके। हालांकि, डोमेस्टिक क्रिकेट में वह तीनों फॉर्मेट में मध्य प्रदेश के लिए शानदार रहे हैं। कार्तिकेय ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 10 मैचों में 7.63 की इकॉनमी से 17 विकेट लिए। विजय हजारे ट्रॉफी में भी उनका प्रदर्शन शानदार रहा और उन्होंने 5 मैचों में सिर्फ 3.78 इकोनॉमी रेट के साथ 9 विकेट हासिल किए।



# थाई स्लिट ड्रेस पहनकर मोनालिसा ने इंटरनेट पर लगाई आग

भोजपुरी से टीवी इंडस्ट्री तक का सफर तय करने वाली एक्ट्रेस मोनालिसा आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए हैं।एक्ट्रेस मोनालिसा आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका कातिल अवतार इंटरनेट पर आते ही कहर बरपाने लगता है।अब हाल ही में एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस देखकर फैंस की नजरें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से छाने लगता है। साथ ही फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने दो डोरी पर टिका बैकलेस गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो काफी ज्यादा हॉट एंड ग्लैमरस नजर आ रही हैं।

# फिल्म बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी का ट्रेलर आउट

दिवंगत अभिनेता अमरीश पुरी के पोते वर्धन पुरी और शेखर कपूर की बेटी कावेरी कपूर की अपकमिंग मूवी बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी' के ट्रेलर को निर्माताओं ने शनिवार को जारी कर दिया है। वर्धन और कावेरी स्टारर यह फिल्म जुनून, रोमांस के साथ खूबसूरत कहानी को पेश करती है।बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी' फिल्म कैम्ब्रिज की पृष्ठभूमि पर आधारित है और बॉबी (कावेरी कपूर) और ऋषि (वर्धन पुरी) की खूबसूरत कहानी को दिखाती है, जिसमें




कई मुश्किलें, संयोग, प्रेम और कई विचार भी हैं।फिल्म के बारे में बात करते हुए वर्धन पुरी ने कहा, मैं हमेशा से कुणाल सर की फिल्मों का बहुत बड़ा प्रशंसक रहा हूं और हमेशा से उनके साथ काम करने की इच्छा रखता था। मुझे खुशी है कि बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी' में यह इच्छा पूरी हुई।उन्होंने आगे बताया, मुझे याद है कि मैंने हम तुम को इसके रिलीज के दौरान छह बार देखा था और यह फिल्म मुझे आज भी आकर्षित करती है, जो दिखाता है कि उनका निर्देशन और विजन कितना प्रासंगिक और शानदार है। मैं इस तरह की मजेदार फिल्म का हिस्सा बनकर खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं, जिसने मुझे प्यार की ताकत के बारे में बहुत कुछ सिखाया।अभिनेता ने फिल्म में अपनी को-स्टार कावेरी के साथ काम करने पर भी बात की। उन्होंने कहा, कावेरी के साथ स्क्रीन शेयर करने का मेरा अनुभव शानदार रहा। वह अपने काम के प्रति ईमानदार हैं और उसमें अतिरिक्त प्रयास करने के लिए तैयार रहती हैं। मुझे उम्मीद है कि हमारी फिल्म दर्शकों को पसंद आएगी और डिज्नी प्लस हॉटस्टार के जरिए आपके घरों तक पहुंचेगी।बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी' फिल्म का निर्देशन कुणाल कोहली ने किया है। कोहली मुझसे दोस्ती करोगे, हम तुम और हिचकी एंड हुकअप्स जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। कुणाल ने कहा, मैं बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी दर्शकों के सामने पेश करने के लिए उत्साहित हूं। मैं हमेशा से एक ऐसी प्रेम कहानी बनाना चाहता था जो आज की पीढ़ी के साथ जुड़ सके और उनकी दुविधाओं पर रोशनी डाल सके। एक ऐसा व्यक्ति होने के नाते जो सच्चे प्यार को अपना रास्ता खोजने में विश्वास करता है, हम एक टीम के रूप में कला का एक ऐसा टुकड़ा लाने के लिए एक साथ आए हैं, जिससे दर्शक जुड़ सकेंगे।फिल्म के मुख्य कलाकारों वर्धन और कावेरी पर उन्होंने कहा, दोनों में कमाल की एनर्जी है और उन्होंने अपने अभिनय से हमारी कहानी में जान डाल दी।फिल्म का निर्माण जियो स्टूडियोज के तहत ज्योति देशपांडे और प्रोडक्शन हेड क्वार्टर के मोहन नादर ने किया है।बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी 11 फरवरी को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।




### विश्वकसेन और आकांक्षा शर्मा स्टारर लैला का दूसरा एकल इचुकुंडम बेबी हुआ रिलीज

विश्वकसेन और आकांक्षा शर्मा अभिनीत लैला के निर्माताओं ने प्रतिभाशाली लियोन जेम्स द्वारा रचित अपना दूसरा सिंगल, इच्छाकुंधम बेबी रिलीज़ किया है। यह युवा और ऊर्जावान ट्रैक आधुनिक स्वभाव के साथ उत्साहित लय को पूरी तरह से जोड़ता है, जो शुरू से अंत तक एक गतिशील सुनने का अनुभव सुनिश्चित करता है। यह गीत आदित्य आरके और एमएम मानसी की जीवंत आवाज़ों से प्रेरित है, जिनकी ऊर्जावान डिलीवरी ने ट्रैक को जीवन और चंचलता से भर दिया है। अभी हाल ही में फिल्म ट्रेलर रिलीज किया गया था। पूर्णाचारी द्वारा प्रदान किए गए गीत, मुख्य जोड़ी के बीच चुलबुली और उग्र केमिस्ट्री को पकड़ते हैं, जो रोमांस में एक अंतरंग लेकिन चंचल आयाम जोड़ते हैं। गीत युवा ऊर्जा की भावना व्यक्त करता है, जिसमें पात्रों का संबंध एक संक्रामक तरीके से सामने आता है। साथ में दिए गए दृश्यों में, विश्वकसेन और आकांक्षा शर्मा के बीच की शानदार केमिस्ट्री केंद्र में है, जो गाने के भावुक वाइब को बढ़ाती है।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### स्वामी विवेकानंद विमानतल में कार्गो सेवा की शुरूआत 1 अप्रैल से



**रायपुर, 09 फरवरी 2025(ए)।** चार साल के लंबे अंतराल के बाद स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट, रायपुर से एक बार फिर 1 अप्रैल से कार्गो सेवा की शुरुआत होने जा रही है। विमानन कंपनियों के अधिकारी इस सेवा को सुचारू रूप से शुरू करने की तैयारियों में जुट गए हैं। एयरपोर्ट पर सेटअप और मशीनों की फीडिंग के साथ-साथ बुकिंग सेवा को सक्रिय करने की प्रक्रिया जारी है।

### व्हीआईपी रोड में विदेशी युवती के कार से हुए हादसे में घायल युवक की हुई मौत



**रायपुर, 09 फरवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के व्हीआईपी रोड में उज्बेकिस्तान की लड़की ने नशे में टाटा इंडिगो कार से तीन युवकों को टक्कर मार दी थी। जिसके बाद उसने जमकर हंगामा मचाया था। इस हादसे में तीन लोग घायल हो गए थे, इस हादसे में घायल में युवक अरुण विश्वकर्मा की मौत हो गई है। जिसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लिया था।

### भाजपा प्रत्याशी का निधन, अस्पताल में ली अंतिम सांस

**रायपुर, 09 फरवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के नगर पंचायत नवागढ़ से



भाजपा प्रत्याशी सीमामनी दिवाकर का निधन हो गया। वार्ड नंबर 14 से चुनाव लड़ रहीं सीमा मनी दिवाकर ने बिलासपुर के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली।

# बीजापुर में मारे गए 31 नक्सली,दो जवान हुए शहीद

» मारे गए 31 नक्सली, 2 जवान शहीद,2 गंभीर
» नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों की बड़ी कार्रवाई
» मुठभेड़ में ऑटोमैटिक हथियार भी बरामद किए गए
» नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों का अभियान जारी



**बीजापुर/रायपुर,09 फरवरी 2025 (ए)।** बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में डीआरजी, एसटीएफ और बस्तर फाइटर की संयुक्त पार्टी और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में अब तक 31 नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं। मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक भी बरामद किए गए हैं। मुठभेड़ के दौरान दो जवान बलिदान हो गए, जबकि दो अन्य जवान घायल हुए। दोनों घायल जवानों की हालत खतरे से बाहर है और उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर भेजा गया है, जहां उनका उपचार जारी है।

### एमआई-17 हेलिकॉप्टर से घायलों को निकाला गया

घटना के बाद जगदलपुर से एमआई -17 हेलिकॉप्टर रवाना किया गया है, जिससे घायलों को सुरक्षित निकाला जा सके। बताया जा रहा है कि रविवार सुबह से ही यह मुठभेड़ जारी है। डीआरजी , एसटीएफ और बस्तर फाइटर्स के जवानों ने मिलकर नक्सलियों को चारों तरफ से घेर लिया है।

### नक्सलियों को भारी नुकसान

बस्तर के आईजी सुंदरराज पी के अनुसार माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों को मौके पर भेजा गया था। जवानों ने पूरे इलाके को घेरकर ऑपरेशन को अंजाम दिया।

वहीं, डीआईजी कमलोचन कश्यप ने कहा कि अभी जवानों से संपर्क नहीं हो पा रहा है, क्योंकि यह बड़ा ऑपरेशन है। उन्होंने बताया कि नक्सलियों को भारी नुकसान हुआ है और मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ सकती है।

### जवानों का कैंप खुला और आईईडी लगाने पहुंच गया नक्सली,मौके से किया गया गिरफ्तार

मिशन कगार- 2026 के तहत बस्तर को पूर्ण रूप से नक्सलियों से निजात दिलाने के लिए जगह-जगह कैंप स्थापित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में आईटीबीपी जवानों के द्वारा नारायणपुर के अति संवेदनशील क्षेत्र कुतुल में एक नए कैंप का उद्घाटन किया गया, कैम्प को खुले 24 घंटे भी नहीं हुए थे कि कैम्प के पास से एक संदेही को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से बिजली तार के साथ ही आईईडी कुकर बरामद किया गया है।

## बीजापुर में 31 नक्सली ढेर किए जाने केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने जवानों को दी शुभकामनाएं

सुरक्षाबलों की ओर से की जा रही कार्रवाई के बाद अब छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद अंतिम सांसे गिन रहा है। इस बीच अब बीजापुर जिले से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां एक बार फिर पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। नेशनल पार्क एरिया में चल रहे एनकाउंटर में 31 नक्सलियों को ढेर किया है। जवानों ने 31 नक्सलियों के



शव को बरामद कर लिए हैं। कहा जा रहा है कि मुठभेड़ में कई बड़े नक्सली नेता फंसे हुए हैं। हालांकि इस मुठभेड़ में दो जवान शहीद हो गए हैं। वहीं 2 जवान घायल हुए हैं।
बस्तर पुलिस की मानें तो माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी, जिसके बाद फोर्स को मौके के लिए निकाला गया था। बीजापुर डीआरजी, एसटीएफ और बस्तर फाइटर्स के जवानों ने नक्सलियों को घेर रखा है। रुक-रुककर दोनों ओर से फायरिंग हो रही है। जवानों ने अब तक 12 नक्सलियों को मार गिराया है। वहीं मुठभेड़ में 2 जवान शहीद और 2 घायल हुए हैं। फिलहाल बीजापुर के नेशनल पार्क एरिया इलाके में सर्चिंग जारी है।
इस मुठभेड़ में जवानों को बड़ी सफलता मिलने के बाद प्रदेश के सीएम विष्णुदेव साय, गृहमंत्री विजय शर्मा समेत देश के गृहमंत्री अमित शाह ने जवानों को बधाई दी है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि, नक्सल मुक्त भारत बनाने की दिशा में सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर में बड़ी सफलता हासिल की है। इस ऑपरेशन में 31 नक्सलियों को ढेर करने के साथ ही भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री भी बरामद की गयी है।

### शहीद जवानों का हमेशा ऋणी रहेगा देश : गृहमंत्री शाह

मानवता विरोधी नक्सलवाद को समाप्त करने में आज हमने अपने दो बहादुर जवानों को खोया है। यह देश इन वीरों का सदा ऋणी रहेगा। शहीद जवानों के परिजनों के प्रति भावपूर्ण संवेदनाएँ व्यक्त करता हूँ। साथ ही पुनः यह संकल्प दोहराता हूँ कि 31 मार्च 2026 से पहले हम देश से नक्सलवाद को जड़ से समाप्त कर देंगे, ताकि देश के किसी भी नागरिक को इसके कारण अपनी जान न गँवानी पड़े।

### ऑपरेशन जारी,सर्च अभियान तेज

मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने इलाके में सघन सर्च अभियान शुरू कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार, यह नक्सल विरोधी अभियान आने वाले दिनों में और तेज किया जाएगा।

### हथियारों और विस्फोटकों का बड़ा जखीरा मिला

मुठभेड़ स्थल से बड़ी संख्या में नक्सलियों के हथियार बरामद किए गए हैं, जिसमें एक-47, एसएलआर, इंसास राइफल, 303 राइफल,बीजीएल लांचर और विस्फोटक सामग्री शामिल है। मुठभेड़ के बाद अतिरिक्त बल को इलाके में भेजा गया है।
सर्च अभियान अभी भी जारी है और विस्तृत जानकारी अभियान पूरा होने के बाद दी जाएगी। सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि यह अभियान नक्सलियों के खिलाफ लगातार जारी रहेगा। इस दौरान किसी भी प्रकार की सुरक्षा चूक नहीं होने दी जाएगी और सर्च ऑपरेशन के तहत नक्सल गतिविधियों का राजफाश करने के लिए प्रयास किए जाएंगे।
एएसपी चंद्रकांत गवर्ना ने बताया कि शहीद जवानों में एसटीएफ व डीआरजी के हैं। मुठभेड़ में वर्दीधारी माओवादियों के शव बरामद किए गए हैं। मारे गए नक्सलियों की पहचान की जा रही है।

### सुरक्षाबल लगातार कर रहे नक्सलियों पर कार्रवाई

मौके के लिए रि-इंफोर्समेंट फोर्स रवाना किया गया है। इसके साथ ही इलाके में सर्चिंग अभियान भी जारी है। छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबल लगातार नक्सलियों पर कार्रवाई कर रहे हैं।
बीजापुर के फरसेगढ़ थाना नेशनल पार्क क्षेत्र में महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ की सीमा पर रविवार सुबह मुठभेड़ हुई थी। डीआरजी बीजापुर, एसटीएफ, सी-60 के जवानों के साथ सुबह 8 बजे से मुठभेड़ जारी होने पुष्टि की थी।
अब तक 31 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। इसमें से कई बड़े कैडर के नक्सली शामिल हो सकते हैं। अभी भी जंगल में सर्चिंग अभियान जारी है, जिसमें और भी नक्सलियों के शव बरामद हो सकते हैं।
नेशनल पार्क क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर संयुक्त सुरक्षा बलों को रवाना किया गया था। एएसपी चंद्रकांत गवर्ना ने बताया कि सुबह से मुठभेड़ चल रही है। क्षेत्र में सघन सर्चिंग अभियान जारी है।

## बीजापुर एनकाउंटर को लेकर फिर सीएम साय ने दिया बड़ा बयान,कहा...गनतंत्र से गणतंत्र

बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में अब तक 31 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। सुरक्षाबल के जवान नक्सलियों की मांद में घुसकर उसका खात्मा कर रहे हैं। जवानों



को मिली यह कामयाबी सराहनीय है, उनकी बहादुरी को नमन करता हूँ। मुठभेड़ में 2 जवान शहीद एवं 2 जवान के घायल होने की भी दुःखद खबर प्राप्त हुई है। ईश्वर से शहीद जवानों की आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने व घायल जवानों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

### मौके पर भेजा गया एक्ट्रा फोर्स

### सीएम साय ने कहा...कैंसर रूपी नक्सलवाद का अंत तय

सुरक्षाबलों की ओर से की जा रही कार्रवाई के बाद अब छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद अंतिम सांसे गिन रहा है। इस बीच अब बीजापुर जिले से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां एक बार फिर पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। नेशनल पार्क एरिया में चल रहे एनकाउंटर में अब तक 31 नक्सलियों मारे गए हैं। सभी के शव बरामद कर लिए गए हैं। कहा जा रहा है कि मारे गए नक्सलियों में कई बड़े नक्सली नेता शामिल हैं। हालांकि इस दौरान दो जवान शहीद हो गए हैं। वहीं 2 जवान घायल हुए हैं। मौके पर अतिरिक्त फोर्स भेजा गया है।

### छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री ने कहा- वीर जवानों ने नक्सलियों को किया ढेर

छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि बीजापुर नेशनल पार्क एरिया में आज सुबह से मुठभेड़ जारी है, जिसमें वीर जवानों ने नक्सलियों को ढ़ेर किया है। वर्दीधारी नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं। दुर्भाग्यवश हमारे 2 जवान शहीद हुए हैं, उनको मै शत् शत् नमन करता हूं। यह उनका सर्वोच्च बलिदान है। ईश्वर शोकाकुल परिवार को संबल प्रदान करे। घायल जवानों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

# भाजपा ने रायपुर के लिए दोबारा जारी किया 36 बिंदुओं का घोषणा-पत्र



» पांच सुनहरे साल का वादा

**रायपुर, 09 फरवरी 2025(ए)।** नगरीय निकाय चुनाव से दो दिन पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रायपुर के लिए 36 बिंदुओं का विशेष घोषणा पत्र जारी किया। इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल और अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने कांग्रेस के पिछले पांच साल के कार्यकाल को भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी से भरा बताया और भाजपा के नेतृत्व में आने वाले पांच सुनहरे सालों का वादा किया।

### रायपुर के लिए भाजपा का विजन

घोषणा पत्र जारी करते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि 27 साल बाद दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी है, अब रायपुर समेत सभी नगर निगम, नगर पालिकाओं और पंचायतों में भी पार्टी जीत दर्ज करेगी।
उन्होंने कहा कि रायपुर के लोगों ने पिछले पांच सालों में कांग्रेस शासन में भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी देखी है, लेकिन भाजपा के आने वाले पांच साल रायपुर के विकास के लिए सुनहरे साल होंगे।

### ट्रैफिक और अव्यवस्थाओं को दूर करने का वादा

➢ शहर में बढ़ती ट्रैफिक समस्या को हल करने के लिए इंटरनेशनल लेवल की टीम हायर की जाएगी।
➢शारदा चौक सड़क का सुधार हो चुका है, अब बाकी जाम वाले इलाकों को भी व्यवस्थित किया जाएगा।
➢लोगों को जमीन के पट्टे, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलेगा।
➢महिलाओं के नाम पर संपत्ति खरीदने पर 25 प्रतिशत कर में छूट दी जाएगी।

### रायपुर में भाजपा की सरकार का भरोसा

बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर को देश का तेजी से विकसित होने वाला शहर बताते हुए कहा कि भाजपा 15 साल बाद रायपुर के महापौर पद पर काबिज होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा प्रत्याशी मीनल चौबे रायपुर की महापौर बनेंगी और पार्टी 70 में से सभी 70 पार्षदों की जीत सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि रायपुर की छवि एक विकसित और सुव्यवस्थित शहर के रूप में बने, और भाजपा सरकार इस लक्ष्य को पूरा करेगी।

## भाजपा का वादा...

➡ माय सिटी ऐप' लांच कर प्रत्येक जोन कार्यालय में एकीकृत सेवा केन्द्र की स्थापना करेंगे, जिससे सरकार की जन कल्याणकारी योजना को जनता तक पहुंचाया जा सके और जनता सीधे योजना का लाभ ले सके।
➡ सार्वजनिक स्थलों बाजार एवं मुख्य मार्ग के आस पास महिलाओं के लिए पिंक टायलेट का निर्माण एवं पुरुषों के लिये प्रसाधिका निर्माण एवं समुचित रख रखाव किए जाएगा।
➡ दिव्यांग जन हेतु सार्वजनिक भवनों में बाधा रहित वातावरण बना कर दिव्यांगजनों की सुविधा का ध्यान रखा जायेगा। साथ ही मोटराइज्ड ट्राईसिकल उपलब्ध कराए जायेंगे।
➡ नगरनिगम क्षेत्र अंतर्गत अवैध कालोनी में सड़क, बिजली, पानी की व्यवस्था हेतु आवश्यक कदम उठाकर अवैध कालोनी को नियमानुसार नियमित कर मूलभूत सुविधा उपलब्ध (सड़क, बिजली, पानी) कराई जायेगी।
➡ रायपुर नगर निगम क्षेत्र में विद्यालय एवं महाविद्यालय में मुफ्त वाई फाई की सुविधा सुनिश्चित करेंगे।
➡ समाधान योजना के माध्यम से बिना जुर्माना या ब्याज लगाये पुराने सम्पत्ति कर के लिये एक मुश्त निपटारा कर भूमि/भवन स्वामी को राहत दिया जायेगा।
➡ सर्वसुविधा युक्त आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र बनाये जायेगें। जहां बच्चों ओर माताओं के पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी साथ ही स्तनपान हेतु सुरक्षित स्थान की व्यवस्था की जायेगी।
➡विद्यालयों और महाविद्यालयों में छात्राओं के लिये फ्री सैनेटरी नैपकिन की उपलब्धता सुनिश्चत करेंगे। ताकि उनकी स्वच्छता और स्वास्थ्य से जुड़ी जरूरतों का ध्यान रखा जा सके।
➡ रायपुर में कामकाजी महिलाओं के लिये मौजूदा हास्टलों की सेवाओं और सुविधाओं का विस्तार करेंगें।
➡ मोर क्लिनिक स्थापित करेगें जो प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के साथ-साथ आवश्यक पड़ने पर रेफरल केन्द्र के रूप में भी कार्य करेगें ताकि हर नागरिक का सुलभऔर प्रभावी स्वास्थ्य सुविधा मिल सके।
➡ रायपुर नगर निगम क्षेत्र में रोजगार मूलक स्किल डेवेलपमेंट सेंटर स्थापित किए जाएंगे जिससे युवक एवं युवतियों के लिये उद्यम, व्यक्तित्व विकास और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।
➡ विश्वकर्मा ठीहा योजना के तहत कारीगरों, परंपरागत व्यवसायों, असंगठित उत्पादक कार्य दो केवल ऋष्ट्रा ही नहीं बल्कि अपना कारोबार चलाने के लिये निकाय अंतर्गत बाजार और उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराया जायेगा
➡ गोकुल कर का विस्तार करेंगें ताकि गोवंश संरक्षण, उनकी देखभाल और आवास के लिये बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके।
➡श्रद्धांजलि योजना के तहत` 500 की वृद्धि कर हितग्राही को` 2500 प्रदान करेंगें ताकि कठिन समय मे आर्थिक संबल मिल सके।
➡ बाल संरक्षण हेतु आवश्यक कदम उठाएंगे।
➡ सभी सड़कों पर उचित प्रकाश व्यवस्था कर नो-डार्कनेस सुनिश्चित करेंगे।
➡ महिला स्वयं सहायता समूह को आर्थिक संबल दिया जायेगा।
➡ हम रायपुर में महत्वपूर्ण सीवेज और जल निकासी समस्याओं को हल करने के लिए एक समग्र और सतत दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसके लिए सभी क्षतिग्रस्त सीवरेज और जल निकासी पाइपलाइनों को बदलेंगे और उनके सही रख-रखाव को सुनिश्चित करेंगे ताकि प्रणाली स्वस्थ और सतत बनी रहे।
➡ जलभराव को रोकने, लार्वा के प्रजनन को रोकने और नियमित रूप से कीचड़ हटाने के लिए समर्पित सीवेज अधिकारियों की नियुक्ति करेंगे, जिससे जल निकासी क्षमता बहाल हो और जल प्रवाह में सुधार हो।
➡ हम सबका साथ, सबका विकास में विश्वास करते हैं और शहरी गरीबों को बेहतर जीवन गुणवत्ता और सतत आजीविका के लिए समान अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कई स्लम क्षेत्रों में, जैसे शक्ति नगर, शिवाजी नगर और महाराजबंध में, बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।
➡ शहरी बाढ़ और प्रदूषण से बचाव के लिए उन्नत वर्षा जल प्रबंधन समाधान लागू करेंगे, जिसके लिए अलग से वर्षा जल निकासी नेटवर्क विकसित करेंगे, जिसमें वास्तविक समय बाढ़ सेंसर्स लगे होंगे ताकि शहरी बाढ़ और प्रदूषण से बचाव हो सके।
➡ जल निकासी की निगरानी के लिए प्रौद्योगिकी का अधिक उपयोग करेंगे, जिसमें ऑनलाइन सिस्टम लागू करना शामिल होगा, ताकि जल निकास की स्थिति का वास्तविक समय में पता चल सके।
➡ वर्षा बाग डिजाइन करेंगे ताकि वर्षा जल को स्वाभाविक रूप से कैप्चर और फ़्ल्टिर किया जा सके, जिससे जल निकासी और शहरी सौंदर्य में सुधार हो सके।
➡ वायरों के जंजाल से मुक्ति हेतु चरणबद्ध तरीके से अंडरग्राउंड केबलिंग के कार्य किए जाएँगे।
➡ तालाबों में घरेलू स्रोतों से आने वाले जल और कचरे का उपाय करेंगे और वर्षा जल निकासी में सुधार करेंगे। साथ ही प्रत्येक तालाब के लिए प्रभावी प्रणाली स्थापित करेंगे और इसे स्झक्कसे जोड़ेंगे ताकि तालाब स्वच्छ हो सके।
➡ रायपुर में जल प्रदूषण के कारण पीलिया, डायरिया जैसे बीमारियों को नियंत्रित कर समस्या हल करने के लिए निर्णायक कदम उठाएंगे, खासकर लभांडी क्षेत्र में।

## नदी किनारे अवैध शराब बनाने वाले 8 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया

**बिलासपुर, 09 फरवरी 2025(ए)।** बिलासपुर में जहरीली शराब से 8 लोगों की मौत के बाद पुलिस प्रशासन ने एक और कार्रवाई की है। सीपत पुलिस ने धौराकोना के उड़ांगी जंगल से 1 हजार 575 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त किया है, जिसकी कीमत लगभग 4.72 लाख रुपए है। जांजगीर-चांपा और कोरबा जिले की सीमा से लगे जंगल में नदी किनारे अवैध शराब का निर्माण चल रहा था। जहां सीपत थाना प्रभारी गोपाल सतपथी के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने मजदूर बनकर छापा मारा। पुलिस ने तीन टीमों का गठन किया, जिसमें पुरुष पुलिसकर्मियों ने मजदूरों की वेशभूषा और महिला पुलिसकर्मियों ने साड़ी पहनकर घटना स्थल पर पहुंचे। कार्रवाई में आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

## प्रयागराज से लौट रहे 4 श्रद्धालुओं की सड़क हादसे में मौत



» मारे गये सभी छत्तीसगढ़ के ही रहने वाले थे

**रायपुर, 09 फरवरी 2025(ए)।** यूपी में एक बड़ा सड़क हादसा हुआ है। यहां सोनभद्र के बभनी थाना क्षेत्र के दरनखाड़ गांव में श्रद्धालुओं से भरी जीप विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रेलर ट्रक से टकरा गई। उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले के एक गांव में रविवार सुबह श्रद्धालुओं से भरी एक कार विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक से टकरा गई, जिसके कारण दो महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गयी जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

### हादसे में बोलेरो के उड़ गए परखच्चे

यह हादसा इतना जबरदस्त था कि टक्कर में बोलेरो जीप के परखच्चे उड़ गए। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) कालू सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ के रायगढ़ और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के श्रद्धालु महाकुंभ, प्रयागराज गए थे। वहां से वापस लौटते समय उत्तर प्रदेश के जिला सोनभद्र, बभनी-दरनखाड़ के पास सामने से आ रही ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भयानक था कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। हादसे में चार श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं तीन साल के मासूम समेत सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल सोनभद्र में ले जाकर भर्ती करवाया गया है। हादसा रविवार (9 फरवरी) की सुबह 6:30 बजे हुआ।

**मृतकों के नाम**
लक्ष्मीबाई (30) पत्नी रामकुमार यादव, निवासी सूरजगढ़ थाना पुसौर, रायगढ़, छत्तीसगढ़
अनिल प्रधान (37) निवासी केसापाली, पुसौर ,ठाकुर राम (58) निवासी मानिकपुर थाना सरैया, सारंगगढ़, छत्तीसगढ़
रुक्मिणी यादव (56) पत्नी ठाकुर राम

**घायलों की सूची**
हर्षित (3) पुत्र योगीलाल निवासी मानिकपुर, थाना सरैया, रायगढ़
रामकुमार यादव (32) पुत्र चक्रधर यादव दिलीप देवी (58) पत्नी चक्रधर यादव अभिषेक यादव (6) पुत्र रामकुमार अहान यादव (4) पुत्र रामकुमार सभी निवासी सूरजगढ़ थाना पुसौर योगी लाल (36) पुत्र ठाकुर राम सुलेन्दरी देवी (32) पत्नी योगीलाल

### सीएम साय ने जताया शोक

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस हादसे को लेकर कहा, 'प्रयागराज महाकुम्भ से स्नान कर लौट रहे रायगढ़ जिले के श्रद्धालुओं की वाहन के उत्तरप्रदेश के सोनभद्र में दुर्घनाग्रस्त होने के कारण 4 श्रद्धालुओं के निधन की खबर से मन व्यथित हैइस दुःखद हादसे में 6 श्रद्धालुओं के घायल होने की भी खबर है। रायगढ़ जिला प्रशासन को सोनभद्र जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित कर घायल श्रद्धालुओं के इलाज की बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने व घायल श्रद्धालुओं के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।'

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)